वर्ष 24, अंक 215, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 13 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### बजट पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जवाब

## लोकसभा से औद्योगिक संबंध विधेयक पास

**नई दिल्ली**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दिये नोटिस का विषय सदन में उठाया और इस पर चर्चा कराने की मांग की, विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर हुई सामान्य चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में सांसदों से अपनी अपनी राज्य सरकारों से बजट में घोषित योजनाओं में शामिल होने का आग्रह करने को कहा। उन्होंने कहा कि बजट में उठाए गए कदम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति हमारे संकल्प को साबित करते हैं। निर्मला सीतारमण ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में व्यय कटौती के विपक्ष के आरोपों का खंडन किया।



सीतारमण ने कहा कि हम एक सशक्त शिक्षा से रोजगार और उद्यम स्थायी समिति की स्थापना कर रहे हैं जो यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे युवा सेवा क्षेत्र के लिए तैयार हों, जहां हमारा लक्ष्य 2047 तक वैश्विक बाजार का लगभग 10% हिस्सा हासिल करना है। हमने अगले पांच वर्षों में 1 लाख संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों को तैयार करने का लक्ष्य रखा है, और इस योजना के लिए अगले 12 महीनों के लिए कुल 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। विकसित भारत के तहत गठित उच्च स्तरीय बैंकिंग समिति बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करेगी और इसे भारत के विकास के अगले चरण के अनुरूप ढालेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कोष कोई मुफ्त का पैसा नहीं है। यह हर भारतीय नागरिक की मेहनत से कमाई गई धनराशि है। हम समय सीमा पूरी करने के लिए इस धन को व्यर्थ नहीं करेंगे। हमारी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और हम उसी का पालन करते हैं।

लोकसभा ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित किया। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहले खदान में काम करने वाले या सीवरेज साफ करने वाले श्रमिकों के लिए, कम से कम 10 कामगार वाले कंपनी के मजदूरों को एरव्छ में इलाज की सुविधा थी। लेबर कोड में खतरे वाले क्षेत्र के कामगार, यदी 10 से कम भी हों तो एरव्छ में ट्रीटमेंट की सुविधा मिलेगी।

इस विधेयक में युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की गारंटी दी गई है। हर उस युवा को, जिसे नौकरी मिलेगी, हर हाल में उसको नियुक्ति पत्र देना होगा। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसा होता था कि कोई 5 साल तक काम करता था, तभी उसे ग्रेच्युटी मिलती थी। अब लेबर कोड में एक साल काम करने पर भी ग्रेच्युटी की गारंटी है।

राज्यसभा की कार्यवाही

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कार्यस्थलों पर जाति आधारित भेदभाव को लेकर उच्च सदन में चिंता जताई और सरकार से ऐसे मामलों की समयबद्ध जांच का आग्रह किया।

### आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से टूटा बाजार

## 559 अंक फिसलकर सेंसेक्स बंद, जानें कल कैसी रहेगी मार्केट की चाल

**मुबंई**

**हफ्ते** के चौथे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए. अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से आईटी कंपनियों की आय पर संभावित दबाव की आशंका के चलते आईटी शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक यानी 0.66% गिरकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान यह एक समय 716.97 अंक टूटकर 83,516.67 के स्तर तक आ गया था. वहीं एनएसई का निफ्टी 146.65 अंक यानी 0.57% फिसलकर 25,807.20 अंक पर बंद हुआ.




क्यों बाजार में गिरावट?

गिरावट की सबसे बड़ी वजह आईटी शेयरों में दबाव रहा. टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में करीब 6% तक की गिरावट दर्ज की गई. इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अदाणी पोर्ट्स भी नुकसान में रहे. हालांकि बाजार में कुछ शेयरों ने मजबूती दिखाई. बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और टाटा स्टील बढ़त के साथ बंद हुए.

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, अमेरिका में मजबूत रोजगार आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दरों में कटौती की संभावना कम हो गई है, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई. साथ ही एआई के बढ़ते प्रभाव से सेवा क्षेत्र, खासकर आईटी कंपनियों की आय पर दबाव की आशंका ने भी बाजार को कमजोर किया. अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने भी निवेशकों को सतर्क रुख अपनाने पर मजबूर किया.

व्यापक बाजार में भी कमजोरी रही. बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.48% और स्मॉलकैप सूचकांक 0.28% गिरा. क्षेत्रीय सूचकांकों में ह्यफोकस्ड आईटीह्न में 5.40 प्रतिशत और आईटी खंड में 5.29% की बड़ी गिरावट दर्ज की गई. इसके अलावा रियल्टी, तेल एवं गैस, ऊर्जा, सेवा और एफएमसीजी सेक्टर भी लाल निशान में रहे.

क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

गिरावट का असर टीसीएस पर खास तौर पर दिखा. कंपनी के शेयर में 5.41% की गिरावट के बाद उसका बाजार पूंजीकरण पहली बार 10 लाख करोड़ रुपये से नीचे आ गया और कारोबार के अंत में यह 9,95,661.50 करोड़ रुपये रह गया।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बोले पीयूष गोयल फैला रहे झूठ, भारत को मिलेगा पूरा फायदा



**पीयूष गोयल**

**वाणिज्य** मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी सूत और कपास से बने वस्त्रों पर रियायती शुल्क का लाभ मिलेगा, जो बांग्लादेश को वर्तमान में मिल रहे लाभों के समान है। अमेरिका बांग्लादेशी वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा। हालांकि, बांग्लादेश से आने वाले वस्त्रों पर शून्य शुल्क तभी लगता है जब वे अमेरिकी कपास और कृत्रिम रेशों से निर्मित हों। वर्तमान में, बांग्लादेशी वस्त्रों पर 31 प्रतिशत शुल्क लगता है (12 प्रतिशत मोस्ट फेवर्ड नेशन शुल्क और 19 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क), और यदि उनमें अमेरिकी रेशों का उपयोग किया जाता है, तो शुल्क घटकर 12 प्रतिशत हो जाता है। गोयल ने पत्रकारों से कहा कि बांग्लादेश को जो मिला है, वही भारत को भी अंतिम समझौते में मिलने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह बांग्लादेश के पास यह सुविधा है।

## परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अदाणी समूह की एंट्री! 'अदाणी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड' का गठन

**नई दिल्ली**

**अडानी** पावर ने गुरुवार को न्यूक्लियर या एटॉमिक एनर्जी से मिलने वाली बिजली बनाने, भेजने और बांटने के लिए एक नई एटॉमिक एनर्जी यूनिट बनाने की घोषणा की। अदाणी पावर ने परमाणु एवं नाभिकीय ऊर्जा से प्राप्त बिजली के उत्पादन, पारेषण एवं वितरण के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ह्यअदाणी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेडह्न (एएईएल) का गठन किया है।



नई यूनिट, जिसे ऑफिशियली अडानी एटॉमिक एनर्जी लिमिटेड के नाम से जाना जाता है, कंपनी की पूरी तरह से मालिकाना हक वाली सब्सिडियरी के तौर पर 5 लाख रुपये के शुरूआती इन्वेस्टमेंट के साथ बनाई गई है। अडानी पावर शेयर प्राइसः अडानी पावर लिमिटेड के शेयर बुधवार को 1.75 रुपये (+1.17%) की बढ़ोतरी के बाद 150.85 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एएईएल को 5,00,000 रुपये की अधिकृत पूंजी के साथ गठित किया गया है। इसे 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 50,000 शेयर में विभाजित किया गया है।

अ दाणी पावर की एएईएल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने कहा कि एएईएल का भारत में 11 फरवरी 2026 को गठन किया गया। उसी दिन इसे केंद्रीय पंजीकरण केंद्र, कंपनी रजिस्ट्रार से निगमण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ।

## बहुत हो चुका, अब दुनिया देखेगी पीएम की कूटनीति

### 40 से 50 देशों के राष्ट्राध्यक्ष अगले हफ्ते आ रहे हैं दिल्ली

**नई दिल्ली**

**भारत** की कूटनीतिक सक्रियता एक बार फिर तेज गति से आगे बढ़ती दिख रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को और मजबूत करने में जुटा है और उभरती तकनीक, व्यापार, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग पर जोर दे रहा है। हम आपको बता दें कि इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण नई दिल्ली में होने वाला एआई इम्पैक्ट समिट होगा, जिसमें ब्राजील के राष्ट्रपति 19 और 20 फरवरी को भाग लेंगे।



विदेश मंत्रालय के अनुसार 21 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लुला के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी जिसमें व्यापार, ऊर्जा, कृषि, जलवायु परिवर्तन, रक्षा सहयोग और नई तकनीक जैसे कई विषयों पर चर्चा की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी ब्राजील के राष्ट्रपति की मुलाकात होगी। राष्ट्रपति भवन में ब्राजील के राष्ट्रपति के सम्मान में भोज का आयोजन भी होगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी उनसे मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इस यात्रा से भारत और ब्राजील के बीच रणनीतिक साझेदारी को नया बल मिलेगा और ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों पर साझा पहल आगे बढ़ेगी। इसके अलावा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। दोनों देश वर्ष 2047 तक के रोडमैप के तहत सहयोग को गहरा करने पर काम कर रहे हैं। रक्षा, अंतरिक्ष, समुद्री सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और इंडो पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी पर विशेष ध्यान रहेगा। मुंबई में भारत फ्रांस नवाचार वर्ष का संयुक्त शुभारंभ भी दोनों नेता करेंगे, जो साल भर मनाया जाएगा। 19 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों भी एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होंगे। हम आपको बता दें कि इस समिट में दुनिया के 40 से 50 देशों के नेता, नीति निमार्ता और तकनीक विशेषज्ञ भाग ले सकते हैं।

## IAF की बढ़ेगी आसमानी ताकत, 114 नए राफेल जेट्स से कांपेंगे दुश्मन

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद, भारत फ्रांस से 114 राफेल जेट खरीदने के लिए तैयार है, जिसकी अनुमानित लागत 3.25 लाख करोड़ रुपये है। सूत्रों के अनुसार, भारतीय नौसेना के लिए 6 पी8आई विमान खरीदने के सौदे को भी मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय से भारतीय वायु सेना की परिचालन और युद्धक क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह निर्णय फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की इसी महीने के अंत में भारत यात्रा से कुछ सप्ताह पहले आया है, और उम्मीद है कि इस सौदे पर उसी दौरान हस्ताक्षर किए जाएंगे।



यह मंजूरी ऐसे समय में आई है जब भारतीय वायु सेना की स्क्वाड्रन संख्या घटकर 29 रह गई है, जो स्वीकृत संख्या 42 से काफी कम है झ दशकों में सबसे कम। 32 लाख करोड़ रुपये के इस प्रस्ताव को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की आगामी यात्रा से पहले रक्षा खरीद बोर्ड (डीएसी) की मंजूरी मिल गई है। पिछले महीने रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद, अब खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) से अंतिम मंजूरी की आवश्यकता होगी।

एक बार सौदा पूरा हो जाने पर, भारतीय वायु सेना लगभग 150 राफेल जेट विमानों का बेड़ा संचालित करेगी, जबकि भारतीय नौसेना 26 वाहक-संगत राफेल विमान शामिल करेगी। योजना के अनुसार, 18 जेट उड़ान भरने की स्थिति में वितरित किए जाएंगे, जबकि शेष 96 जेट भारत में असेंबल किए जाएंगे। बेड़े का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा घरेलू स्तर पर निर्मित होने की उम्मीद है, और 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी हिस्सेदारी संभावित रूप से 60 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। राफेल लड़ाकू जेट फ्रांसीसी रक्षा कंपनी डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित हैं। भारतीय वायु सेना के बेड़े में वर्तमान में 36 राफेल जेट हैं।

भारतीय वायु सेना के लिए पहले 5 राफेल विमान जुलाई 2020 में अंबाला वायुसेना स्टेशन पहुंचे और बाद में उन्हें सेवा में शामिल किया गया।

## वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और घुसपैठियों को बांग्लादेश भगाने का अभियान जारी

**असम**

**असम** में दो समानांतर कार्रवाइयों ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की नीतियों को एक बार फिर देशव्यापी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। एक तरफ वन भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान, दूसरी तरफ अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ पर त्वरित कार्रवाई। यह दोनों कार्रवाई दशार्ती हैं कि राज्य सरकार घुसपैठ और अतिक्रमण के खिलाफ अपने तेवर सख्त रखे हुए है। इस बारे में खुद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया है कि श्रीभूमि जिले में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर 880 हेक्टेयर वन भूमि को कब्जे से मुक्त कराया गया है। इस जमीन को अब दोबारा वन और हरियाली के लिए तैयार किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसे मिशन पूरा होने जैसा बताते हुए साफ कहा कि जहां भी वन या सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा मिलेगा, सरकार खुद आगे बढ़कर कार्रवाई करेगी। हम आपको बता दें कि श्रीभूमि में यह अभियान उस समय हुआ जब पास के हाइलाकांडी जिले में भी इसी तरह की कार्रवाई हाल ही में की गई थी। वन विभाग ने पाथरकांडी क्षेत्र के आरक्षित वन इलाके में रह रहे करीब 1000 परिवारों को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने का निर्देश दिया था।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में डिजिटल क्रांति का हुआ अभूतपूर्व विस्तार: सिंधिया

**नई दिल्ली। केन्द्रीय** संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज संसद में प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत के डिजिटल इकोसिस्टम में आए ऐतिहासिक बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतनेट विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य देश के हर नागरिक तक सस्ती और तेज इंटरनेट सुविधा पहुँचाना है।

केन्द्रीय मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2014 में देश में 93 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता थे, जो आज बढ़कर 120 करोड़ हो चुके हैं और मोबाइल पेनिट्रेशन 75 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत तक पहुँच गया है। इंटरनेट कनेक्टिविटी में भी क्रांतिकारी बदलाव आया है। इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 2014 के 25 करोड़ से बढ़कर आज 100 करोड़ से अधिक हो गई है, और पेनिट्रेशन 20 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 71.8 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। इसी तरह, ब्रॉडबैंड उपभोक्ता 6 करोड़ से बढ़कर 100 करोड़ से अधिक हो गए हैं, जबकि औसत ब्रॉडबैंड स्पीड लगभग 66 एमबीपीएस तक पहुँच चुकी है। सिंधिया ने इसे डिजिटल क्रांति बताते हुए कहा कि कनेक्टिविटी अब शहरी विशेषाधिकार नहीं रही, बल्कि ग्रामीण भारत तक पहुँचने वाला नागरिक अधिकार बन चुकी है।

## ट्रेड डील से कश्मीरी सेब बागानों पर मंडराया खतरा!

### अमेरिकी सेब आने से घटेगी कश्मीरी सेबों की मांग- उमर अब्दुल्ला

**जम्मू-कश्मीर**

**भारत** और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को लेकर जम्मू-कश्मीर के बागवानी क्षेत्र में गहरी बहस छिड़ गई है। एक ओर कई फल उत्पादक और व्यापारी इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरा मान रहे हैं, वहीं कुछ किसान और कारोबारी इसे प्रतिस्पर्धा, गुणवत्ता सुधार और कीमतों में स्थिरता का अवसर भी बता रहे हैं। इस समझौते का असर खास तौर पर सेब, अखरोट और बादाम जैसे उत्पादों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, जिन पर जम्मू कश्मीर की बड़ी आबादी की जीविका निर्भर है।

बागवानी विभाग के अनुमान के अनुसार जम्मू कश्मीर में करीब बीस लाख लोग सीधे या परोक्ष रूप से बागवानी से अपनी रोजी रोटी कमाते हैं। ऐसे में आयात नीति में किसी भी बदलाव का असर केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि गांवों की आय, रोजगार और सामाजिक ढांचे तक जाता है।

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के अखरोट उत्पादक और व्यापारी जावेद अहमद लोन का नजरिया कुछ अलग है। उनका मानना है कि बाहरी उत्पादों का आना स्थानीय किसानों को अपनी गुणवत्ता बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। उनके अनुसार संरक्षण की नीति लंबे समय तक किसानों को सुस्त बना देती है, क्योंकि उन्हें तय बाजार मिल जाता है। लोन कहते हैं कि कश्मीर में बादाम और अखरोट की कीमतें अक्सर बिना साफ कारण ऊपर नीचे होती रहती हैं, जिससे किसान और खरीदार दोनों



असमंजस में रहते हैं। उनका तर्क है कि यदि अमेरिका से बेहतर गुणवत्ता के मेवे लगातार आएंगे तो स्थानीय दाम भी एक दायरे में रहेंगे और किसानों को छंटाई, पैकिंग और किस्म सुधार पर ध्यान देना होगा।

हालांकि यह सोच पूरे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं करती। फल उत्पादक संगठनों के बड़े वर्ग में गहरी चिंता है। फल उगाने वालों और व्यापारियों की एक प्रमुख यूनियन के अध्यक्ष बशीर अहमद बशीर ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आयात शुल्क घटाने का विरोध किया है।

उनका कहना है कि ईरान, अमेरिका और दूसरे देशों से सेब के आयात ने पहले ही छोटे किसानों पर दबाव डाला है। बढ़ती लागत, अनिश्चित मौसम, कीट हमले और परिवहन की दिक्कतों से बागवानी क्षेत्र पहले से वित्तीय दबाव में है। ऐसे में शुल्क में कमी ताबूत में आखिरी कील साबित हो सकती है।

## ग्राम बंधवा में अनिश्चितकालीन धरना शुरू, प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ किसानों का हुंकार

### मांगें पूरी नहीं तो आंदोलन होगा और उग्र

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम बंधवा में वर्षों से लंबित जनसमस्याओं को लेकर आखिरकार आज 12 फरवरी को ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीण, किसान और संगठन के पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। सुबह से ही गांव का माहौल आंदोलनकारी नारों से गूंज उठा और प्रशासन के खिलाफ खुलकर आक्रोश देखने को मिला।

किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कई बार ज्ञापन देने और अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। प्रशासन की कथित अनदेखी से आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अब आर-पार की लड़ाई होगी।

धरने का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष यतेंद्र प्रताप सिंह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आश्वासन और ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों की प्रमुख मांगें है कि गांव में काली सड़क से प्राथमिक विद्यालय बंधवा तक सड़क व नाली का तत्काल निर्माण,काली दाई नहर की पुलिया से काली सड़क तक लगभग 500 मीटर सड़क का निर्माण ।वन विभाग द्वारा गांव के लगभग 200 लोगों को दी गई नोटिस की वापसी ।बंद पड़ी पानी की टंकी को तत्काल चालू कराया जाए ।गांव में गौशाला का



निर्माण कराया जाए ।धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन को तहसील मुख्यालय तक ले जाया जाएगा। कुछ वक्ताओं ने यहां तक कहा कि यदि फिर भी सुनवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा ।यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है, लेकिन यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।

## आईटीआई के छात्र ने फंदे पर लटक कर दी जान

**करछना।** करछना थाना अंतर्गत नीबी गांव में आईटीआई के छात्र ने फंदे पर लटक कर जान दे दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव निवासी अखिलेश तिवारी का 20 वर्षीय बेटा हर्षित तिवारी आईटीआई का छात्र है। बुधवार शाम घर के सभी परिजन खाना-पीना करने के बाद सो गए थे। उसी दरमियान देर रात होने पर हर्षित तिवारी छत पर गया और कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दिया। सुबह घटना की जानकारी स्वजनों को हुई तो कोहराम मच गया। सूचना होने पर स्थानी पुलिस मौके पर पहुंची शव कब्जों में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए जांच में जुट गई। अखिलेश तिवारी पर से दिव्यांग हैं। उनके तीन बेटों में हर्षित तिवारी दूसरे नंबर का लड़का था। भीरपुर चौकी इंचार्ज एसएन सिंह ने बताया कि स्वजनों के द्वारा किसी भी प्रकार की मौत का कोई कारण स्पष्ट नहीं किया है। फिलहाल जांच किया जा रहा है।

## सदियों से आबाद ग्रामीणों के आवागमन हेतु आरओबी व अंडरपास बनें : उज्जवल

### सांसद उज्जवल ने रेलमंत्री से मुलाकात कर मांग की

अखंड भारत संदेश

**पसना।** इलाहाबाद सांसद उज्ज्वल रमण सिंह नेअपने क्षेत्र के कठौली रेलवे क्रॉसिंग की समस्या को लेकर नईदिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पत्र लिखकर मांग किया कि सैकड़ों साल से बसे गांव नई रेल लाइनों के बन जाने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया जिसके लिए आरओबी या अंडरपास का निर्माण होना आवश्यक है ।उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग 26सी कठौली मेजा पर ओवरब्रिज व छिवकी ददरी गांव में अंडरपास की मांग हेतु सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र सौंपा ।उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि इस बिजी रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज न होने के कारण स्थानीय निवासियों, विशेषकर स्कूल जाने



वाले बच्चों और आम जनता को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने रेल मंत्री से आग्रह किया कि वे संबंधित अधिकारियों को तुरंत आदेशित करें ताकि आर.ओ.बी. (ROB) व अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुचारू हो।

प्रतिनिधि ने बताया कि छिवकी ददरी के स्थानीय निवासियों की उम्मीदें हैं कि अंडरपास व उरुवा विकासखंड के अंतर्गत कठौली ग्राम और आसपास के दर्जनों गांवों के लिए यह क्रॉसिंग जीवनरेखा की तरह है। पूर्व ग्राम प्रधान हरिशंकर शर्मा सहित कई स्थानीय प्रतिनिधियों ने सांसद के इस प्रयास की सराहना की है। लोगों को उम्मीद है कि रेल मंत्री के हस्तक्षेप के बाद अब सालों पुरानी जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 71 नवविवाहित जोड़ों ने सात फेरे लेकर थामा एक दूसरे का हाथ






### मुख्य अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं सप्रेम भेंट देकर विदाई रस्म अदा किया

**करछना।** जनपद प्रयागराज के जमुनापार में सहारा गार्डेन करमा में गुरुवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खंड करछना 36, विकास खंड चाका 12, एवं विकास खंड कौंधियारा के 23 सहित कुल 71 विवाहित जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं तथा आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

समारोह का मंच संचालन सचिव दीप्ति मिश्रा ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी करछना अमित कुमार मिश्रा खंड विकास अधिकारी करछना प्रयागराज ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख कौंधियारा इंद नाथ मिश्र, एवं ब्लाक प्रमुख चाका शामिल रहे, इसके अलावा करछना, कौंधियारा एवं चाका ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारी,समाज कल्याण के राम किंकर तिवारी, दीपेश सिंह सचिव, अक्षय सिंह, मनीष सिंह सचिव सुखेन्द्र कुमार, मनीष शुक्ला मनरेगा प्रभारी करछना, प्रियम सिंह सचिव, जूही सिंह, सचिव सीमा पाल समाज कल्याण विभाग , किरन साहू सहित ब्लाक कर्मी एवं बड़ी संख्या में नव विवाहित जोड़ों के अभिभावक एवं गणमान्य नागरिकों ने आशिर्वाद देकर रस्म अदायगी कर सकुशल संपन्न कराया शादी समारोह।

## अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा व संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वावान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के बैनर तले खंड विकास कार्यालय पर प्रदर्शन कर सात सूत्रीय ज्ञापन एडीओ पंचायत को दिया गया।

प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथों में स्लोगन युक्त लिखी तख्ती व नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चार लेबर कोड वापिस लो, बिजली कानून 2025 रद्द करो, स्मार्ट मीटर योजना रद्द करो, कनेक्शन काटना बंद करो, 300 यूनिट बिजली फ्री करो, मनरेगा कानून बहाल करो, जी राम जी कानून वापिस लो, नदी खनन में 24 जून 2019 का आदेश वापिस लो आदि के नारे लगाए गए।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि चार लेबर कोड लागू होने से मजदूरों के न्यूनतम वेतन, महिला मजदूरों की सुरक्षा,




कार्यस्थल सुरक्षा, पीएफ पर हमला होगा।

बिजली बिल कानून 2025 के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के लिए स्थापित बिजली संयंत्र एवं वितरण प्रणाली निजी कंपनियों के हाथों सौंपी जाएगी। कंपनियों को छूट व जनता को भारी दरों पर सप्लाई करेगी। जिससे किसानों - मजदूरों व छोटे दुकानदारों के घरों में अंधेरा कर देंगे। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन एडीओ पंचायत विनोद कुमार



द्विवेदी को सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान राजकुमार पथिक, हीरालाल, रामकैलाश कुशवाहा, कामरेड भीमलाल, राजेश पहाड़ी, रामआसरे सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## उत्तर प्रदेश किसान सभा जमुनापार ने कोरांव में अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

### मनरेगा की बहाली हेतु बीडीओ और बिजली समस्याओं हेतु यसडीओ विद्युत को दिया मांग पत्र

**पसना।** कोरांव विकास खंड मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश किसान सभा जमुनापार ने केंद्र द्वारा पारित वी बी राम जी कानून को रद्द करते हुए पुनः मनरेगा की बहाली की मांग की। राष्ट्रपति के नाम संबोधित 10 सूत्रीय मांगपत्र को खंड विकास अधिकारी को सौंपते हुए मांग की कि आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य हेतु कानून बनाने,बीज विधेयक 2025को रद्द करने सहित सभी मांगो पर निर्णय लेने की वकालत की। ब्लाक मुख्यालय से किसान सभा के कार्यकर्ता पैदल चलकर बिजली समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यकताओं ने आज पावर हाउस का घेराव किया। उन्होंने उपखंड अधिकारी (रऊड) चंद्रशेखर आजाद को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सिरोखर बिहारी बस्ती और तराव कुशवाहा बस्ती में विद्युतीकरण







की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, विद्युत बिलों में हो रही गड़बड़ियों को रोकने, संविदा कर्मियों को स्थायी करने और बिजली संशोधन विधेयक 2025 को रद्द करने की भी मांग उठाई गई। इस प्रदर्शन में किसान सभा के यमुनापार अध्यक्ष भगवत प्रसाद, यमुनापार के सचिव दिग्विजय सिंह, कामरेड चिरंजी लाल, चांद मोहम्मद और इंद्रजीत पटेल सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## दहेज हत्यारोपी दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**मऊआइमा।** बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मैलहा निवासी सुनील कुमार मिश्रा ने अपनी बहन मुस्कान मिश्रा की शादी तीन वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के ग्राम बरहदा निवासी धीरज कुमार मिश्रा के साथ किया था। आरोप है कि दो लाख रुपए अतिरिक्त दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने मुस्कान मिश्रा की हत्या कर शव छिपाने के लिए मऊआइमा के ग्राम गोवर्धनपुर भवानीगढ़ नहर पटरी पर फेंक दिए थे ।सुनील कुमार ने मऊआइमा थाना में अतिरिक्त दहेज के खातिर बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतका के ससुर पुष्कर मिश्रा,जेठ नीरज कुमार मिश्रा,ननद रिया मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गुरूवार को मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर यादव, प्रवीण चक्रवर्ती, कांस्टेबल सहवीर ने तिलई बाजार से मृतका के ससुर पुष्कर मिश्रा,जेठ नीरज कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत सहसों में क्विज प्रतियोगिता हुई आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज, सहसों में गुरुवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सहसों के संविलियन विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक विद्यालय से एक-एक मेधावी छात्र-छात्रा ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और सामान्य ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पठन-पाठन सामग्री प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता के उपरांत शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम और लगन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एआरपी कमल सिंह, महेश प्रताप यादव, मनोज कुमार, डॉ. कृष्ण शंकर मिश्रा, संतोष जायसवाल, पंकज कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार, अभिषेक सिंह, गिरिजा देवी सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मां और बेटे को दबंगों ने जम कर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** निर्माण धींन पिलर को दबंगो द्वारा तोड़ा जारहा था मना करने पर मां और बेटे को एक राय हो कर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई ।पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह निवासनीय सीता देवी सिंह पत्नी विजय कुमार का आरोप है कि उसके विपक्षी एक राय होकर उसका निर्माणधीन पिलर को तोडने लगे ।मना करने पर गालियां दी और उसे और उसके पुत्र हर्षित कुमार को लाठी डंडा से मार कर जख्मी कर दिए ।सीता देवी सिंह का आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी दी गई ।सीता देवी सिंह ने मऊआइमा थाना में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर गिरीशचंद्र, शिवबाबू, अमित कुमार, अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## निस्काम भक्ति से जन्म-मरण का होता है कल्याण : पं. अमित कृष्ण जी महाराज

**सहसों।** बहरिया के बोमापुर गांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा व्यास पंडित अमित कृष्ण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भागवत महापुराण का रसपान कराते हुए जीवन के वास्तविक कर्तव्यों का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का सच्चा कर्तव्य क्या है, इसका बोध केवल भागवत कथा के श्रवण से ही संभव है।

कथा व्यास ने कहा कि यह जीवन नश्वर है और मृत्यु अटल सत्य है, किंतु विडंबना यह है कि मनुष्य मृत्यु निश्चित होने के बाद भी उसे सहज भाव से स्वीकार नहीं कर पाता। उन्होंने समझाया कि जो व्यक्ति निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण



करता है, वह अपने जन्म और मरण दोनों को सफल बना लेता है। उन्होंने आगे कहा कि जब-जब प्रभु अवतार लेते हैं, वे अपनी माया के साथ अवतरित होते हैं। सामान्य मनुष्य माया को शाश्वत मान बैठता है और अपने नश्वर शरीर को ही प्रधान समझता है, जबकि सत्य यह है कि शरीर क्षणभंगुर है और आत्मा ही शाश्वत है। भागवत कथा हमें प्रेरित करती है कि हम ऐसे कर्म करें जो निस्वार्थ हों, क्योंकि निस्काम कर्म ही सच्ची भक्ति का स्वरूप है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान शशिकांत शुक्ल एवं मंजू शुक्ल सहित अन्य भक्तों ने भगवान एवं व्यासपीठ की विधिवत आरती उतारी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अवधेश मिश्र, प्रधान धर्मराज मौर्य, सुशील कुमार पाण्डेय, रवीन्द्र कुमार सिंह, सीताराम मिश्र, भुल्ली, सतीश पाण्डेय, अल्का, कृष्णा, प्रिन्सू, पूजा, टिक्कल, आराधना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भारतगंज में महाशिवरात्रि पर पीस कमेटी बैठक संपन्न

### शिवबारात की झांकियां और सड़क सुरक्षा पर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** यमुनापार थाना क्षेत्र के भारतगंज पुलिस चौकी पर महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय ने की। इस दौरान शिवबारात की झांकियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई।

भारतगंज कस्बे के निवासी शुभम केसरी ने बताया कि भारतगंज से छह झांकियां और चार डीजे के साथ शिवबारात निकाली जाएगी। यह बारात शाम लगभग 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक धूमधाम से संपन्न होती है।






यह परंपरा पिछले 17 वर्षों से चली आ रही है। मांडा खास में निकलने वाली झांकियों पर भी चर्चा की गई। मांडा खास के पूर्व प्रधान भोला नाथ ने जानकारी दी कि रानी का तालाब मंदिर से शिवबारात शुरू होकर भोलेनाथ मांडा खास पहाड़ी स्थित निरंजनी अखाड़ा मंदिर पर समाप्त होती है। बैठक में भारतगंज में बिजली कटौती का मुद्दा भी उठा। उपस्थित लोगों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बिजली काट दी जाती है, जिससे कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए ऐसा किया जाता है।

मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि अभिभावक, विभाग और जिम्मेदार लोग युवाओं को तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने से रोकें। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाने वाले बच्चों को हेलमेट पहनने के निर्देश देने की भी बात कही, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

इंस्पेक्टर वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए अधिक से अधिक सुझाव देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट के बिना दोपहिया वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के लिए हर व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होता है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को सतर्कता बरतनी आवश्यक है। भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह ने कहा कि पुलिस की अपराधियों पर पैनी नजर है। यदि कोई भी व्यक्ति अशांति फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इस अवसर पर दीघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता, सी चंद्रपाल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजीव सिंह उर्फ राजू, बसपा नेता चांद मोहम्मद उर्फ चंदू, जितेंद्र केसरी, अरविंद बिंद, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह, चमन, तौफीक और डॉ. असद अली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला का शव कार में लेकर घूमे डॉक्टर : गलत इंजेक्शन लगाने से हुई मौत, 3 महीने की प्रेग्नेंट थी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महिला का शव कार में लेकर डॉक्टर 2 घंटे तक घूमते रहे। महिला की मौत की खबर उसके परिवार वालों से छिपा ली। वह 3 महीने की प्रेग्नेंट थी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिसके थोड़ी देर बात महिला की मौत हो गई।डॉक्टर ने पहले बताया कि महिला बेहोश है। उसे इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में ले जा रहे हैं। इसके बाद शव को कार में रखकर क्लिनिक से निकल गए। करीब दो घंटे तक शहर में इधर-उधर घूमते रहे। महिला के घरवालों को जब संदेह हुआ तो उन्होंने लोकेशन मांगकर कार का पीछा किया।

परिजन जब कार तक पहुंचे तो उसमें महिला की लाश पड़ी थी। फिर कार को सीधे पुलिस चौकी ले गए।



तभी डॉक्टर कार में शव छोड़कर भाग गया। परिवार वालों ने 5 घंटे तक शव को उठाने नहीं दिया। घटना फूलपुर थाना क्षेत्र की है।फूलपुर थाना क्षेत्र के नरई गांव में डॉ. सुखदेव का क्लिनिक है। यहां डॉ. सुखदेख, उनकी पत्नी डॉ. मीरा और बेटी डॉ. दीप शिखा, दीप शिखा का पति डॉ. सुभाषचंद्र चारों ही मरीजों का इलाज करते हैं। पड़ोस के गांव आटा की रहने वाली अंगूरा देवी (25) पति राजाराम 3 माह की गर्भवती थी।



पति राजाराम ने कहा- मेरी पत्नी अंगूरा देवी के पेट में बुधवार शाम को दर्द हो रहा था। घर में कोई था नहीं तो वह अकेले ही क्लिनिक पर दवा लेने चली गई। वहां डॉक्टरों ने उसका चेकअप किया। इसके बाद गलत इंजेक्शन लगा दिया।

रात करीब 7.30 बजे इंजेक्शन लगाने से अंगूरा की मौत हो गई। फिर डॉ. मीरा ने मुझे फोन कर बताया कि इंजेक्शन लगाने से अंगूरा बेहोश हो गई है। हम उसे लेकर दूसरे अस्पताल जा रहे हैं।

### कार में शव छोड़कर भागे डॉक्टर पति-पत्नी

राजाराम का कहना है कि सूचना मिलते ही मैं अस्पताल के लिए निकला। वहां पहुंचकर देखा तो अंगूरा क्लिनिक में नहीं थी। पूछने पर पता चला कि डॉ. मीरा और उनके पति डॉ. सुभाष अंगूरा को कार से लेकर गए हैं। फोन पर बात करने के बाद हम लोग भी अपनी कार से वहां तक पहुंचे। रात करीब 10 बजे हम लोग रहीमापुर तिराहे पर डॉक्टर की कार पकड़ लिया। कार में अंगूरा मृत मिली। इसके बाद परिवार वाले डॉक्टर को पकड़कर फूलपुर थाने की इफको पुलिस चौकी पहुंचे। यहां रात 11 बजे तक हंगामा चलता रहा। इसी बीच डॉक्टर दीप शिखा और उसका पति सुभाषचंद्र कार छोड़कर निकल गए।गुस्साए परिजन हंगामा करने के बाद शव को गांव ले जाते हैं। शव कार में ही रखा रहता है। सुबह परिवार और गांव वाले हंगामा करने लगते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं। काफी हंगामे के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेती है। परिजनों ने डॉक्टरों के खिलाफ तहरीर दी है। सभी का बयान दर्ज किया गया है।महिला के पिता संजय कुमार ने कहा- हमें क्लिनिक से फोन आया कि आपकी बेटी की तबीयत अचानक खराब हो गई है, इसलिए उसे शहर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही हम उसकी तलाश में निकल पड़े। करीब दो से तीन घंटे बाद रहीमापुर तिराहे के पास एक कार में हमारी बेटी का शव मिला।

## पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया बेटी के गौना में शामिल होंगे, हाईकोर्ट ने मंजूर की अल्पकालीन जमानत



**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे फूलपुर के पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उन्हें दो दिन की अल्पकालीन जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। जवाहर पंडित हत्याकांड में सजा काट रहे फूलपुर के पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया बेटी के गौना रस्म में शामिल होंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने उनकी अर्जी पर दिया है। याची के अधिवक्ता ने बताया कि 13 फरवरी को पूर्व सांसद की बेटी का गौना है। कोर्ट ने आदेश में स्पष्ट किया है कि कपिल मुनि करवरिया पुलिस की निगरानी में 12 फरवरी शाम चार बजे से 14 फरवरी सुबह 11 बजे तक अपनी मर्जी से कहीं भी आ जा सकेंगे। इसके बाद उन्हें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हाजिर होना होगा। इसके पहले कपिल मुनि करवरिया को उनकी बेटी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किया गया था। वहीं अब पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया को उनके बेटे की शादी में शामिल होने के लिए एक महीने की पैरोल पर रिहा किया गया है। मालूम हो कि इस हत्याकांड के आरोप में पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को शासन ने पहले ही सजा माफ कर रिहाई दी थी।

## विधानसभा में गूंजा बारा का दर्द : डॉ. वॉचस्पति ने उठाए पानी, पुल, रोजगार व आरक्षण के मुद्दे

- बजट सत्र में बारा की तस्वीर पेश, विकास को लेकर सरकार से ठोस मांग
- स्थायी पुल से एम्स तक की मांग, बारा विधायक ने रखी विकास की पूरी रूपरेखा

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान बारा विधानसभा क्षेत्र की आवाज सदन में जोरदार ढंग से गूंजी। बारा विधायक डॉ. वॉचस्पति ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को तथ्यात्मक और मुखर अंदाज में उठाते हुए कहा कि ह्लजनसेवा हमारा लक्ष्य है, राजनीति सिर्फ माध्यम ह्व

उन्होंने पहाड़ी क्षेत्र बारा में गर्मी के दौरान गहराने वाले पेयजल संकट, जर्जर सड़कों और अनियमित बिजली आपूर्ति का मुद्दा उठाया। बेलामुंडी सड़क के दो दशकों से खराब होने का उल्लेख करते हुए इसके शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग की। कौशांबी को जोड़ने वाले प्रतापपुर पीपा पुल के स्थान पर स्थायी पुल निर्माण की आवश्यकता दोहराई।

विधायक ने नारीबारी को ब्लॉक और जारी बाजार को टाउन एरिया घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि इससे स्थानीय लोगों को प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। बारा क्षेत्र में राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज के अभाव को गंभीर बताते हुए राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग की।

एनटीपीसी परियोजना से निकलने वाली राख व दूषित पानी से खेतों के बंजर होने और बीमारियों में वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए एम्स की स्थापना तथा पांच किलोमीटर दायरे के युवाओं को रोजगार देने की मांग की। पाल समाज के भेड़ पालकों के लिए ऊन क्रय केंद्र स्थापित करने, सोनवै (शंकरगढ़) में बिरसा मुंडा की मूर्ति के जीर्णोद्धार और प्रयागराज में महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की। निषाद समाज को दलित आरक्षण देने का मुद्दा भी सदन में रखा गया।

चित्रकूट के बरगढ़ में व्यापारी पुत्र आयुष केसरवानी की हत्या पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय विकास के लिए ठोस बजटीय प्रावधान जरूरी हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सदन में उठाए गए मुद्दों का वीडियो देखकर पारदर्शिता का आकलन कर सकते हैं। अब निगाहें सरकार की प्रतिक्रिया और बजटीय निर्णयों पर टिकी है।

## नैनी में निशुल्क नेत्र शिविर में मरीजों ने कराई जांच

**नैनी।** नैनी काटन मिल तिराहे पर विजन एक्सपर्ट आई केयर सेंटर में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का निशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। इस मौके पर आई केयर सेंटर के संचालक डॉ एमए हाशमी और नेत्र चिकित्सक डॉ ए.के. सिंह ने मरीजों की जांच एवं उपचार किया। शिविर में भारी संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया। इस मौके पर डॉ एके सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है और आंख ड्राई होने का भी डर रहता है स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। दिक्कत होने पर तत्काल डाक्टर की सलाह लें। शिविर के दौरान प्रमुख रूप से संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा नेता कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सतीश श्रीवास्तव, पार्षद मयंक यादव, मानस रामलीला समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, बाबूजी यादव, डॉक्टर सुशील कुमार वर्मा, आनंद जायसवाल, रामसूरत पटेल, अनूप सिंह, जनार्दन शुक्ला आदि सामाजिक कार्यकताओं ने निशुल्क शिविर में सहयोग किया।

## उत्तर प्रदेश का बजट भाजपा सरकार की विदाई वाला है बजट : नितेश तिवारी

### सपा नेता एवं यमुनापार जिलाध्यक्ष ने यूपी सरकार के बजट पर दी अपनी प्रतिक्रिया

**मेजा।** लोकतंत्र में बजट जनता की बेहतरी का रोडमैप होना चाहिए न कि केवल चुनावी गणित को साधने का एक जरिया। उक्त बातें समाजवादी युवाजन सभा यमुनापार जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी ने उत्तर प्रदेश के बजट 2026 के पेश होने पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किया गया बजट चुनावी लुभावना बजट है,जो जमीनी हकीकत से दूर है। श्री तिवारी ने कहा कि यह कागज का बजट है जिसमें बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की गई हैं। उनका मानना है कि पिछले बजटों में भी शिक्षा स्वास्थ्य पर कम खर्च हुआ,और पूंजीगत व्यय के दावे सिर्फ कागज पर रह गए। सरकार के इस बजट को चुनावी तोहफों की बारिश कहा जा सकता है, जो अल्पकालिक है लेकिन लंबे समय तक रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य



सपा नेता नितेश तिवारी

और किसानों की असली समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 2026 का बजट सरकार का ₹विदाई बजट₹ है, जिसमें आम जनता, किसानों युवाओं और व्यापारियों के लिए कुछ नहीं है।यह बजट केवल आंकड़ों की बाजीगरी है और इसमें कोई ठोस योजना नहीं है,पूर्व की की भांति संस्कार का यह बजट भी निराशाजनक है।

## मुख्तार अंसारी के दोनों बेटों को हाईकोर्ट से राहत

### गाजीपुर के चर्चित गजल होटल मामले में सुनवाई पर रोक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजीपुर के चर्चित गजल होटल मामले में अब्बास अंसारी और उमर अंसारी को बड़ी राहत देते हुए ट्रायल कोर्ट में चल रही मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान करते हुए मामले पर अगली सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख तय की है। गाजीपुर के कोतवाली थाने में 19 सितंबर 2020 को मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा अंसारी, उनके बेटे अब्बास और उमर अंसारी समेत 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप है कि फर्जी बैनामा कराकर गजल होटल का निर्माण कराया गया। इस मामले में सीजेएम कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। अब्बास और उमर अंसारी ने याचिका दाखिल कर ट्रायल कोर्ट की पूरी कार्यवाही निरस्त करने की मांग की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब का अंतिम मौका देते हुए तब तक मुकदमे की कार्रवाई पर रोक जारी रखने का आदेश दिया।

## जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण तहसील कार्यालय में मचा हड़कंप



**बारा।** गुरुवार को जिलाधिकारी प्रयागराज मनीश कुमार वर्मा ने बारा तहसील का औचक निरीक्षण किया। डीएम के औचक निरीक्षण से तहसील परिसर में कुछ समय के लिए अफरा तफरी मच गई। डीएम ने अधिकारियों को पुराने वादों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसील परिसर का कायाकल्प करने के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने को दिया है। गुरुवार दोपहर अचानक डीएम प्रयागराज बारा तहसील मुख्यालय पर पहुंच गए। डीएम के पहुंचते ही अधिकारी और कर्मचारी इधर उधर दौड़ने लगे। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का गंभीरता से निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों को लंबित पुराने वादों का समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया है। आर के कार्यालय,अभिलेखागार, संग्रह विभाग सहित तहसील परिसर का निरीक्षण किया। डीएम प्रयागराज ने तहसील परिसर का कायाकल्प कराने के लिए प्रस्ताव बनाकर जिला मुख्यालय भेजने का निर्देश भी दिया। पत्रावलियों के रख रखाव और परिसर की साफ सफाई पर संतोष व्यक्त किया है। जिलाधिकारी के एक घंटे के निरीक्षण के बाद वापस लौटने पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

**एसीपी कार्यालय को तहसील परिसर में स्थानांतरित करने की मांग**

अधिवक्ता संघ बारा ने एसीपी कार्यालय तहसील परिसर में ही स्थानांतरित कर वादों की सुनवाई करने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी प्रयागराज ने विचार कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज झरोखा

### धूमनगंज थाने पर 14 फरवरी को किसान क्रान्ति का जेल भरो आंदोलन



**प्रयागराज।** किसानों पर कथित पुलिस उत्पीड़न, झूठे मुकदमों और प्रशासनिक दमन के विरोध में 14 फरवरी को धूमनगंज थाने पर ह्यकिसान क्रान्ति जेल भरो आंदोलनह्व आयोजित किया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व अनुज सिंह करेंगे। आयोजकों के अनुसार, इस दौरान किसान और उनके समर्थक शांतिपूर्ण ढंग से थाने पहुंचकर स्वेच्छा से गिरफ्तारी देंगे। आंदोलन की घोषणा करते हुए अनुज सिंह ने कहा कि किसान अपनी मांगों और अधिकारों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उन्हें पुलिस कार्रवाई और मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि शांतिपूर्ण विरोध को भी अपराध की तरह देखा जा रहा है। ऐसे में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने के लिए जेल भरो आंदोलन का रास्ता अपनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और इसका उद्देश्य किसी प्रकार की अव्यवस्था फैलाना नहीं है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन से संवाद और न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की जा रही है। आयोजकों ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रुकी तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उनका कहना है कि यह संघर्ष लोकतांत्रिक अधिकारों और किसान हितों की रक्षा के लिए किया जा रहा है।

### बजट दूरदर्शी, समावेशी एवं राष्ट्र निर्माण को समर्पित: हौंसिला प्रसाद पाठक



**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार, प्रयागराज जनपद के तत्वावधान में प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के जंघई मंडल में गुरुवार को केंद्रीय बजट को लेकर बृज कुंज गेस्ट हाउस जंघई में श्रमिक संवाद चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रवासी हौंसिला प्रसाद पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट दूरदर्शी, समावेशी एवं राष्ट्र निर्माण को समर्पित है, यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने की स्पष्ट झलक देता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने बजट में कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई, भंडारण, किसान सम्मान योजनाओं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर सिद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जंघई रामधारी सरोज एवं संचालन आशुतोष पांडेय ने किया। इस अवसर पर हरिभूषण सिंह, नागेंद्र सिंह, राजकुमार पटेल, बृजेश त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र बिंद, संदीप गुप्ता, अशफाक कुरैशी, गिरीश तिवारी, मनोज दुबे, आलोक रंजन पांडेय, त्रिभुवन नाथ तिवारी, लालजी सरोज, राममनोरथ दुबे, माता शंकर शुक्ल, आशीष मिश्रा, प्रदीप शर्मा, देवेंद्र दुबे, डिंपी पांडेय, बब्बू पांडेय, विजय मौर्या, विकास यादव, अमित गुप्ता, सतीश दुबे, नीरज सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में मेजा तहसील ने किया टॉप

*एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव एंड उनके सहयोगी अधिकारियों कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान की बदौलत प्रयागराज के मेजा तहसील को मिली टॉप पोजिशन*

**मेजा।** प्रयागराज जनपद के मेजा तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण प्रणाली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में मेजा तहसील प्रथम स्थान दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि जनवरी 2026 की आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से संबंधित मूल्यांकन रिपोर्ट में दर्ज की गई है। जिसमें उप जिलाधिकारी सुरेंद्र प्रताप यादव, तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा,नायब तहसीलदार नंदलाल राम अवध शाह आईजीआरएस प्रभारी प्रेम शंकर पटेल आदि की अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है।

### ठीकेदार की मनमानी के चलते निधि का पूरा संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त आवागमन में परेशानी



**मेजा।** विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत मदरहा से निधि का पूरा जाने वाला लिंक मार्ग संबंधित ठीकेदार की मनमानी एवं भ्रष्टाचार के चलते केवल गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे इन दिनों जहां सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है वहीं ग्रामीणों के समक्ष आवागमन की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। उल्लेखनीय है कि सड़क रिपेयर के नाम पर संबंधित ठीकेदार द्वारा मात्र 4 जगह गड्ढे को रिपेयर किया गया है जबकि दस बड़े गड्ढों को ज्यों का त्यों छोड़ दिया गया है। गौरतलब है कि जगह जगह सड़क पर पानी भी भरा हुआ है। ऐसे में ग्राम पंचायत हित तथा आवागमन को देखते हुए सम्पूर्ण सड़क की मरम्मतीकरण कराया जाना नितांत आवश्यक है।

### नैनी चकदोंदी में एक मकान के अंदर सांप निकल आने से हड़कंप

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चकदोंदी इलाके में बुधवार देर रात एक मकान के अंदर सांप निकल आने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चकदोंदी निवासी नफीस अहमद के घर में देर रात एक सांप दिखाई दिया। परिवार के लोगों ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत सांप पकड़ने वाले को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ टारजन ने सावधानीपूर्वक सांप को पकड़ लिया। इसके बाद सांप को सुरक्षित रूप से अपने साथ ले जाकर जंगल में छोड़ दिया गया। परिजनों ने राहत की सांस ली घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ नीरज, प्रोफेसर रवि मिश्र एवं क्रीड़ा अधीक्षक डॉ बृजेश यादव, डाक्टर अरविंद राय द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण करके किया गया एवं बच्चों को शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ नीरज द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रथम दिवस छात्र, छात्राओं द्वारा दौड़, गोला फेंक, शाट पुट खेल में भाग लिया गया। खेल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं ने पूरी ऊर्जा से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।






## हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी- पीठ थपथपाने व महिमामंडन के लिए गैंगस्टर एक्ट नहीं लगा सकती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अपनी पीठ थपथपाने व महिमामंडन के लिए पुलिस किसी नागरिक पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई नहीं कर सकती। यह एक्ट सामान्य धाराओं की अपग्रेडेड कॉपी नहीं है, जिसे हर मामले में लगा दिया जाए। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने बस्ती निवासी उस्मान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।साथ ही विवेचक और थाना प्रभारी से चार हफ्ते में जवाबी हलफनामा तलब किया है। कोर्ट ने कहा कि केवल पुलिस की छवि सुधारने या आंकड़े बेहतर दिखाने के लिए किसी व्यक्ति को गैंगस्टर घोषित करना कानून की मंशा के विपरीत है। गैंगस्टर एक्ट अत्यंत कठोर कानून है, जिसका प्रयोग सोच-समझकर और ठोस साक्ष्यों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। यही कारण है कि गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की विस्तृत प्रक्रिया बनाई गई है, जिसका पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने याची पर पहले से दर्ज एक केस के आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कर दिया था। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पूर्व में दर्ज मुकदमे में याची जमानत पर है। इसके बावजूद पुलिस ने केवल अपने आंकड़ों को सुधारने और उपलब्धियां दिखाने के उद्देश्य से उस पर गैंगस्टर एक्ट लगा दिया। एफआईआर दर्ज करने से पहले गैंगस्टर एक्ट के अनिवार्य नियमों का पालन नहीं किया गया और यह कार्रवाई पूरी तरह दुर्भावना से प्रेरित है।

## एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने जनसुनवाई कर फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, दिए निर्देश

### कहा – जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसना और जनसुनवाई कर आम लोगों को न्याय दिलाना ही हमारी है सर्वोच्च प्राथमिकता

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय ने जनसुनवाई करते हुए दूर दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनने के पश्चात त्वरित निस्तारण हेतु संबंधितों आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना एवं जनसुनवाई की समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति पर सर्किल में अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने में सक्रिय एसीपी श्री उपाध्याय के न्यायिक कार्यशैली पर आम लोगों का भरोसा इन दिनों काफी बढ़ा हुआ है जिसके मद्देनजर सर्किल के आम लोग एसीपी मेजा की जनसुनवाई को सर्वाधिक महत्व दे रहे हैं। गौरतलब है सर्किल में न्याय की प्रतिमूर्ति बन समस्याएं को गंभीरता पूर्वक समाधान करने को लेकर सुर्खियों में बने सरल स्वभाव के निर्भीक अधिकारी श्री उपाध्याय का कानून के दायरे में रहकर उनके द्वारा सर्किल में किए जा रहे न्यायिक और सराहनीय कार्य ही उनकी बड़ी पहचान बनी हुई है। इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा उमेश चंद्र द्विवेदी के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



जनसुनवाई के दौरान आम लोगों की शिकायतें सुनते एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

# महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने बाबा बेलखरनाथ धाम पहुँचे डीएम व एसपी

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गुरुवार को प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा बेलखरनाथ धाम पहुँचकर पूजा-अर्चना की तथा पर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मंदिर परिसर, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने मंदिर परिसर में स्थापित कंट्रोल रूमध्सीसीटीवी कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम में लगातार एक पुलिसकर्मी की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जो सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मंदिर परिसर एवं आसपास की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के



आगमन की संभावना है, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने मंदिर स्थित सई नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से नदी की गहराई, घाटों की सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने घाटों की स्वच्छता, बैरिकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध पहले से तैयार रहें। निरीक्षण के बाद डीएम एवं एसपी ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन व्यवस्थाओं में अभी कोई कार्य शेष है, उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि पर्व के दिन श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि बाबा बेलखरनाथ धाम आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुगम दर्शन एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेड़ से गिरा बुजुर्ग गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

बेलखरनाथ धाम। बुधवार की शाम बकरी के लिये पत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़ा बुजुर्ग अनियंत्रित होकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया । कंधई थाना क्षेत्र के इटवा निवासी भगवान दीन के बेटे राम कुमार 65 वर्ष बकरी पालन कर परिवार का पालन पोषण करतें हैं। बुधवार की शाम 6 बजे बकरी के चारे के लिए गांव के समीप स्थित पीपल के पेड़ से पत्ता तोड़ने के लिए चढ़ा हुआ था कि अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया । आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम ले गये जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अधीक्षक डॉ इरफान खान ने बताया कि बुजुर्ग राम कुमार का बांया कमर के नीचे कूल्हा टूट गया है। गंभीर स्थिति देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### महाशिवरात्रि पर तीन दिनों तक होगा बाबा घुइसरनाथ का भव्य श्रृंगार



**लालगंज।** पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा का विशेष श्रृंगार होगा। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि ने बताया कि चैदह फरवरी को महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर बाबा का भव्य दूल्हा श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन रात्रि आठ बजे विशेष आरती भी होगी। महाशिवरात्रि के दिन बाबा का अलौकिक रूद्राक्ष श्रृंगार व आरती रात नौ बजे होगी। अगले दिन सोलह फरवरी सोमवार को बाबा का दिव्य एवं भव्य अलौकिक आभूषण श्रृंगार होगा। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम मंदिर में आकर्षक रंगरोगन की भी छटा श्रद्धालुओं को भावविभोर किये हुए है।

### केंद्र सरकार का बजट बहुत ही सराहनीय : शिव प्रकाश मिश्र सेनानी



**कुंडा।** केन्द्र सरकार का बजट बहुत ही सराहनीय है। केन्द्र सरकार हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रही है। आज विकास कार्य दिखाई पड़ रहा है। उक्त बाते विधानसभा कुंडा के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कही। जिला महामंत्री पवन गौतम ने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास कार्य कर रही है। जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र ने केन्द्र बजट की सराहना करते हुए कहा कि गांव, गरीब, किसान, युवाओं को समर्पित बजट है। इस अवसर पर पत्रकार एवं भाजपा नेता भूपेंद्र पांडेय, कार्यालय प्रभारी उमा लाल तिवारी, लालजी शुक्ला, कृष्ण शंकर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष बिहार प्रेम कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष मानिकपुर राम मूरत पटेल, मंडल अध्यक्ष कुंडा रूपा गौतम, मंडल महामंत्री सकरदहा विभय सिंह, राजेश शुक्ल, आलम, राघवेंद्र गौतम, दिनेश गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मारपीट व आगजनी की घटना में दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मारपीट व आगजनी की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सरदार का पुरवा पुरवारा गांव निवासी नाजिम पुत्र मो0 शरीफ के अनुसार बीते वर्ष इक्कीस नवंबर को सुबह नौ बजे वह अपने खेत से टैज्क्टर से धान का पैरा लोड कर घर आ रहा था। दरवाजे तक टैज्क्टर न पहुंच पाने के चलते उसने रास्ते में उसे उतार दिया। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश में गांव के निसार पुत्र मोसीन व उसका पुत्र इरफान, सैफ, जहीरूलनिशा पत्नी अब्दुल हामिद, नजमा पत्नी मुमताज ने एकराय होकर पैरा में आग लगा दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली तथा एसपी के यहां तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इससे पीड़ित ने कोर्ट में न्याय की गुहार लगायी। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## छत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग

**पट्टी।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र अंतर्गत मोलनापुर गांव में एक बिजली उपभोक्ता ने अपने मकान की छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग को लेकर जिला अधिकारी एवं बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई है। गांव निवासी राम आधार यादव की पत्नी कलावती देवी ने पत्र में बताया कि करीब दस वर्ष पूर्व राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत कार्यदाई संस्था द्वारा जबरन उनके मकान की छत के ऊपर से 11 हजार हाईटेंशन लाइन खींच दी गई थी। विरोध करने पर संबंधित कर्मचारियों ने यह कहकर टाल दिया कि सर्वे के अनुसार लाइन इसी मार्ग से जाएगी। पीड़िता ने बताया कि जुलाई माह में छत पर खेल रहा उनका बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज कई महीनों तक प्रयागराज में चला। वहीं बीते सप्ताह मकान की दीवार पर प्लास्टर कर रहा एक राजगीर भी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। कलावती देवी ने बताया कि दिसंबर माह में संपूर्ण समाधान दिवस, पट्टी में हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग के लिए शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चिंता जताई कि पट्टी तहसील क्षेत्र में बीते छह महीनों के भीतर घरों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार हाईटेंशन लाइनों की चपेट में आने से तीन बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमरगढ़ गांव में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक किशोर पूरी तरह दिव्यांग हो गया था। लंबे समय तक परिजनों के धरना-प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग ने वहां लाइन की शिफ्टिंग कराई थी। इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र उडैयाडीह के अवर अभियंता जयराम राजपूत ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के उपरांत 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन को दूसरी सुरक्षित जगह शिफ्ट कराया जाएगा।

## रामपुर जिले में वकील की हत्या को लेकर पनपा आक्रोश, हुआ विरोध प्रदर्शन

### उत्पीड़न को लेकर वकीलों ने न्यायिक कामकाज का किया बहिष्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** रामपुर जिले में साथी की गोली मारकर हत्या तथा स्थानीय तहसील के वकील पर जानलेवा फायरिंग एवं रानीगंज तहसील में एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर गुरूवार को यहां वकीलों का पारा गर्म दिखा। नाराज वकीलों ने तहसील तथा दीवानी अदालतों में कामकाज का बहिष्कार किया। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश तथा रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की संयुक्त अगुवाई में परिसर से लेकर नेशनल हाइवे पर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने तहसील के मुख्य गेट पर सभा कर रामपुर में अधिवक्ता फारूख अहमद की जघन्य हत्या को असहनीय बताया। वहीं लालगंज के जैनपुर निवासी अधिवक्ता आलोक शुक्ला पर बुधवार को जानलेवा फायरिंग को



लेकर भी आक्रोश प्रकट किया। अधिवक्ताओं ने रानीगंज तहसील में एसडीएम की कार्यशैली से विरोध प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं की मांगों को लेकर भी सुर में सुर मिलाया। आम सभा को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर रोज जानलेवा हमले हो रहे हैं। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि रामपुर की घटना के बाद वकीलों का यह आंदोलन अब प्रदेशव्यापी होगा। सभा का संयोजन उपाध्यक्ष आशीष तिवारी एवं संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इधर दीवानी न्यायालय में एकजुट हुए वकीलों ने इन घटनाओं के विरोध में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज कुमार पाण्डेय की अगुवाई में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। आमसभा को पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, दिनेश सिंह, प्रवीण यादव, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह, संजय सिंह ने भी संबोधित करते हुए वकीलों के उत्पीड़न को लेकर प्रशासन की लापरवाही पर आक्रोश जताया। इस मौके पर केके शुक्ला, सिंटू मिश्र, नीरज सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, राहुल त्रिपाठी, शैलेन्द्र शुक्ला, पण्डित दुबे, सूर्यकांत निराला, मस्तराम पाल, आशुतोष शुक्ला, मनोज शुक्ला, दीपक पाण्डेय, मो0 ईसा, मनीष क्रांतिकारी, रामकुमार पाण्डेय, प्रभात श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

## मीडिएशन सेन्टर में पति पत्नी के दो जोड़ों ने किया समझौता, दोनों की हुई विदाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय के आदेशानुसार चल रहे मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत आज सिविल जज सीडिध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी के निर्देशन में आज मध्यस्थता केन्द्र सिविल कोर्ट से विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट/ मीडिएटर ने आपसी सुलह समझौता से पति पत्नी के दो जोड़ों की विदाई कराकर विवाद को समाप्त कराया। ज्ञात हो कि खुशबू व इंद्रजीत सिंह (पति पत्नी) के बीच कई वर्षों से चल रहे विवाद में आज दोनों पक्ष ने आपसी विवाद और मतभेद को समाप्त करते हुए साथ साथ रहने का निर्णय ले लिया। दोनों के संसर्ग से एक पुत्र 16 वर्ष व एक पुत्री 14 वर्ष हैं पुत्र अपनी माँ खुशबू के साथ अपने



ननिहाल में तथा पुत्री अपने पिता के साथ अपने घर पर रहते थे। इसी प्रकार एक अन्य दूसरे वैवाहिक विवाद में पति गुफरान और पत्नी साबिया बानो के बीच वैचारिक विवाद और मतभेद चल रहे थे जिसके कारण दोनों के बीच विदाई सम्बन्धी मुकदमा परिवार न्यायालय में विचाराधीन था। मध्यस्थता केन्द्र में आज विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट मीडिएटर के द्वारा दोनों पक्ष को समझाया गया जिस पर दोनों पक्ष ने आपसी सहमति से साथ साथ रहने और वैवाहिक सम्बन्ध बनाए रखने का निर्णय लिया। पत्नी आपसी सुलह समझौते से अपनी ससुराल चली गई।इस अवसर पर शांभवी सिविल जज सी0 डि0ध्सचिव ने दोनों जोड़े के पति पत्नी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया और बधाई दी।इस अवसर पर जफर उल्ला एडवोकेट, राजेश प्रताप सिंह एडवोकेट, राम कांत द्विवेदी एडवोकेट जीतेन्द्र पाण्डेय एडवोकेट पी एल वी ज्योत्सना दूबे एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले में तीन पर दर्ज हुआ केस

**लालगंज।** अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले को लेकर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जैनपुर निवासी अधिवक्ता आलोक कुमार शुक्ल पुत्र रघुनाथ प्रसाद शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह फरवरी को दोपहर करीब बारह बजे वह गांव के समीप खेत में अपनी फसल देखने गया था। पीड़ित का आरोप है कि यहां रास्ते मे लालगंज बाजार निवासी ज्ञानचंद्र मोदनवाल पुत्र चोखेलाल अपने पुत्र रजत मोदनवाल व एक अज्ञात के साथ जबरन रोक लिया और गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित अधिवक्ता को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। शोर सुनकर लोगों को आते देख ज्ञानचंद्र मोदनवाल ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से जानलेवा फायर झोंक दिया लेकिन पीड़ित बाल बाल बच गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## किशोरी व युवती के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** अलग अलग घटनाओं में किशोरी व युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित का आरोप है कि बीती दस फरवरी की रात करीब आठ बजे उसकी चैदह वर्षीया पुत्री को गांव का ही मीजान पुत्र मो0 सलीम बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं उदयपुर थाना क्षेत्र के गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती ग्यारह फरवरी की शाम करीब चार बजे उसकी तेईस वर्षीया पुत्री को अज्ञात युवक अपहत कर ले गया। जांच के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर प्रबन्धों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

### एसडीएम व सीओ ने तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरूवार को अफसरो ने स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न कार्यो की समीक्षा की। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा सीओ आशुतोष मिश्र ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र में भ्रमण कर विभिन्न तैयारियों का अवलोकन किया। बाबा धाम निरीक्षण गृह में एसडीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक भी हुई। बैठक में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने परिसर में साफ सफाई के बाबत सांगीपुर व लालगंज बीडीओ को कड़े निर्देश दिये। वहीं उन्होने मेला क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत सप्लाई के साथ अन्य जरूरी प्रबन्धों को भी जिम्मेदार अधिकारियों से समय से पूरा कराए जाने को कहा।



सीओ आशुतोष मिश्र ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्धों को लेकर सांगीपुर एसओ को सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने मेला क्षेत्र में सीसी कैमरे तथा सई घाट पर बैरीकेटिंग व गोताखोर तथा नाव आदि प्रबन्धों के बाबत भी जानकारी जुटाई। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से सुझाव सौंपे। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि ने मुख्य मंदिर को लेकर प्रबन्धों की जानकारी दी। बैठक में सांगीपुर खण्ड विकास अधिकारी विनोद श्रीवास्तव, लालगंज बीडीओ मानवेंद्र शर्मा, ईओ लालगंज इंद्र प्रताप, सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी, उदयपुर एसओ प्रदीप कुमार, एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र, सीएचसी अधीक्षक डा0 आनन्द त्रिपाठी, अवर अभियंता शुभम त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख सांगीपुर अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख अमित प्रताप सिंह, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, त्रिभु तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, सुभाषचंद्र शर्मा, रामकृपाल पासी, फक्कड़ पाण्डेय, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

## डीएम एसपी ने बेलखरनाथ धाम में किया दर्शन पूजन

अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** रविवार को लगने वाले महाशिवरात्रि मेला पर जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक बेलखरनाथ धाम पहुंचकर जायजा लिया।इस दौरान जिले के कई अधिकारी मौजूद रहे। गुरुवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बेलखरनाथ धाम पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों ने सई नदी घाट का जायजा लिया। डीएम व एसपी ने मेले में आएं दुकानदारों कांवरियों व शिव भक्तों को कोई परेशानी न होने पाएं इसके लिए अधिकारियों



को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेंद्र लाल ,उप जिलाधिकारी पूर्णेंदु मिश्रा,पुलिस क्षेत्र अधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी, थाना अध्यक्ष दिलीपपुर बलराम व मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी मौजूद रहे।

## स्थानांतरण पर दो आरक्षियों को दी गई भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** थाना परिसर में तैनात दो आरक्षियों का स्थानांतरण लालगंज थाना होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कोतवाल के नेतृत्व में समस्त पुलिस कर्मियों ने दोनों आरक्षियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आरक्षियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण भावना की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सरल स्वभाव, सहयोगात्मक भावना और



टीमवर्क हमेशा स्मरणीय रहेगा।इस अवसर पर उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, सचिन यादव, रोहित यादव, ज्योति सविता, श्रीप्रकाश राय, अतुल यादव, उमेंद्र शुक्ला सहित कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, मुकेश त्रिपाठी, पंकज चौहान, सत्यम शर्मा, सोनू यादव, बृजेश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।अंत में विदाई ले रहे आरक्षियों सुजीत सिंह एवं विजय ने सभी अधिकारियों व सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि थाने में मिला सहयोग, स्नेह और मार्गदर्शन उनके लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

## ग्राम तक आने वाली संपर्क मार्ग का मरम्मत कार्य माह फरवरी तक कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज गॉव की समस्या, गॉव में समाधान के तहत विकास खण्ड सिराथू की ग्राम-रघुनाथपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता लो.नि.वि. को ग्राम तक आने वाली संपर्क मार्ग का मरम्मत कार्य माह फरवरी तक कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सहायक अभियंता लघु सिंचाई को ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में 19 पैरामीटर के अन्तर्गत कराए गए कार्यो, निपुण तालिका, साफ-सफाई एवं डी.बी.टी. आदि का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बी.एम.एम. एवं खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि ग्राम की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाय एवं महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने ग्राम के लाभाथियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूॅछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, बच्चों को पाठय-पुस्तक का वितरण हुआ या नहीं तथा ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से नजदीकी पशु चिकित्सालय से उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि पशुओं का टीकाकरण कराया जाय। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को ग्राम के सभी हैण्डपम्पों की क्रियाशीलता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के लाभाथियो को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वे में ग्राम में 132 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको शीघ्र ही लाभान्वित किया जाएगा। ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी सिर्फ दिन में एक बार आता है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने एवं सहायक अभियंता, जल निगम को नियमानुसार पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता ने बताया कि माह फरवरी तक समुचित रूप से पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। ग्राम चौपाल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/ कार्यक्रमों की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की।

## जमीन में दबंगों का नाम ना होने पर भी दलित की जमीन पर बलपूर्वक कर रहे हैं निर्माण

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर हाजीपुर गांव निवासी भुल्लू पासी पुत्र सरदार का राजस्व अभिलेखों की आरजी में नाम दर्ज है और उसके कब्जे में है इस जमीन का वह पूर्ण रूप से मालिक है खेती किसानी कर-के फसल तैयार कर परिवार का जीविकोपार्जन करता है जिसका हथबंदी का मुकदमा भी तहसील अदालत में उसने दाखिल किया है लेकिन जमीन में गांव के शीतल प्रसाद पुत्र मुन्नी लाल उसके भाई राकेश कुमार वा मिट्ठू लाल पुत्र कालेश्वर और जगन पुत्र गुलजार जमीन पर जबरिया कब्जा का प्रयास कर रहे थे जिस पर मामले की सूचना तहसील और थाना पुलिस को उसने दी सूचना पर पुलिस के साथ राजस्व लेखपाल मौके पर पहुंचे और बलपूर्वक निर्माण करने वाले के निर्माण पर रोक लगा दिया 15 दिन तक तो जमीन पर निर्माण रुका रहा उपरोक्त जमीन का अदालत में मुकदमा भी दाखिल हुआ और मुकदमा विचारथीन है लेकिन हथबंदी का मुकदमा दाखिल होने और अदालत में मुकदमा दाखिल होने के बाद भी मिट्ठू का लड़का हरिओम अपने पिता व अन्य लोगों के सहयोग से 12 फरवरी 2026 की सुबह से जमीन पर बलपूर्वक निर्माण कर रहा है जमीन पर निर्माण से जब भुल्लू ने मना किया तो हरिओम ने अपने साथियों परिजनों के साथ लाठी डंडा लेकर के गाली गलौज करते हुए भुल्लू को मारपीट के लिए दौड़ा लिया वह जान बचाकर भाग गया डीएम एसपी को शिकायती पत्र देकर भुल्लू ने बताया कि हरिओम का कहना है कि तुम्हारे चार बेटे हैं तुम्हारे चारों बेटों की हत्या कर देंगे हरिओम और उसके परिवार के लोग विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे है जबरदस्ती बलपूर्वक जमी कब्जा करना चाहते हैं भुल्लू का कहना है कि पिपरी थाना और पुलिस चौकी में सुनवाई नहीं हो रही जमीन जबरिया कब्जा किए जाने की कोशिश हो रही है जमीन पर अवैध तरीके से कब्जे को रोकने की मांग भुल्लू ने अधिकारियों से की है कब्जा करने वाले गाली गलौज कर मारपीट करने का प्रयास करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने और बलपूर्वक मेरी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को जेल भेजने की मांग की गई है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, आबकारी, नगर निकायों, विद्युत, खनन व परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने एवं और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रवर्तन कार्य न पाए जाने पर सभी मण्डी सचिव एवं लापरवाही पर खनन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्हांने सभी अधिकारियों से कहा कि आगामी बैठक में राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियां को सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार लाते हुए श्रेणी-ए प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आर.सी. वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान आर.सी. वसूली के कार्य में शिथिलता पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को आर.सी. वसूली मे प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियां को वरासत के प्रकरणों की जॉच कर कमी/लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वादां के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान राजस्व वादों के निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर तहसीलदार चायल का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने एवं अवैध कब्जों को हटवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध करने के भी निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0) शालिनी प्रभाकर सहित व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में मनाया गया पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह का 87 वां जन्मदिन




**करारी कौशांबी।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार स्वगीय चौधरी अजित सिंह जी का 87 वां जन्मदिन राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय कौशांबी करारी में गुरुवार को प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी के अगुवाई में धूमधाम से मनाया गया, प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिज़वी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वगीय चौधरी अजित सिंह ने हमेशा सर्व समाज के हित के लिए कार्य किया दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों एवं किसानों की आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठाई और उनके लिए भारत सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं लागू की जिससे किसानों को काफी लाभ मिला उन्होंने कहा कि अन्य दल किसानो की बात तो करते हैं परंतु समय आने पर उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। राष्ट्रीय लोकदल सर्व समाज का दल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत बनाएं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करें आने वाले पंचायत चुनाव एवं विधानसभा 2027 की चुनाव की तैयारी हेतु संगठन को शक्तिशाली बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय महासचिव नजमुल हसन,जिला अध्यक्ष,जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फहीम, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र मौर्य,जिला महासचिव पूर्व सभासद करारी, जीशान हैदर पप्पू,जिला महासचिव गुलाम अब्बास,केशव प्रसाद सरोज,जिला महासचिव गुलाम सिबतैन, नौशाद उल हक,जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,जिला सचिव अब्दुल कवी घनश्याम सरोज,अधिवक्ता परवेज आलम, असगर मदनी कुरैशी पूर्व सभासद करारी अब्दुल अली, मोहम्मद चांद कुरैशी रामनारायण सरोज वरिष्ठ कार्यकर्ता,अब्दुल मजीद वरिष्ठ कार्यकर्ता नितिन कुमार सरोज वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता की हत्या में अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं 6000 रुपये अर्थदण्ड की सजा

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में 16 अगस्त 2016 को एक विवाहिता को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को मारकर फासी से लटका दिया पिता हरीमोहन पुत्र राम औतार निवासी चक हिंगुई थाना करारी की सूचना पर थाना पर मु0अ0सं0 273/16 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त लवकुश प्रसाद पुत्र प्रभू निवासी मुकीमपुर थाना करारी को दिनांक 12.02.2026 को न्यायालय एएसजे एफटीसी प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास व 6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



## एन डी कांवेंट स्कूल में बोर्ड परीक्षा सेमिनार का आयोजन

**हररायपुर कौशांबी।** एन डी कांवेंट स्कूल एंड स्वगीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज के प्रांगण में बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बोर्ड परीक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रयागराज से चलकर आए हुए विषय विशेषज्ञ दशरथ पाल व डॉ अवधेश पाल ने अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए टिप्स दिए।प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बताया कि समय का सदुपयोग करना ही सफलता की कुंजी है। साथ ही फेयरवेल पाटी का आयोजन किया गया।कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 इंटर के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव, सुनील सिंह, कुलदीप साहू,धर्म नारायण,अरुण यादव,ममता,आकांक्षा पाल,नंदिता पाल,मनीषा विश्वकर्मी,ज्योति कुशवाहा,महक सिंह, मोनिका,गीतांजलि, कल्लो देवी,मुन्नी देवी,उमेश यादव,अजय मिश्रा,महेंद्र कुशवाहा,वीरेंद्र कुशवाहा,अरविंद यादव,इंद्रसेन आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी ने किया संदीपन घाट थाना का औचक निरीक्षण

हत्या मामले में त्वरित कारर्वाई हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**हररायपुर कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 11.02.2026 को थाना संदीपनघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। हाल ही में घटित हत्या की घटना के संबंध में प्रगति की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही साक्ष्य संकलन एवं प्रभावी विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही जारी रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु किया ऑनलाइन संवाद



**कौशाम्बी** जिले में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदशी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे है पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार एवं पारदशी प्रक्रिया के तहत हो, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समय पर न्याय मिल सके यह पहल जनपद में पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करने एवं जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के अझुवा राष्टीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई है। घटना क्रम के मुताबिक मोहन उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र छेदी निवासी वार्ड नंबर 4 मढिया मई रसूल पर आज गुरुवार सुबह करीब 6 बजे शौच क्रिया हेतु ससुर खदेरी नदी की तरफ जा रहा था कानपुर से प्रयागराज मार्ग पर रसूल पुर मोड़ के समीप पीछे से आया अज्ञात वाहन चालक टक्कर मार कर अधेड़ को कुचलते हुए फरार हो गया प्रत्यक्ष दर्शियों राहगीरों की सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए ।वहीं 7 बजे के बाद मौके पर पहुंची चौकी पुलिस शव कब्जे में लेकर कागजी खानापूर्ति में जुट गई है।

### एसओ कोखराज ने पैदल गस्त कर व्यापारियों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का दिया भरोसा




**कोखराज कौशांबी** एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने गुरुवार की शाम क्षेत्र में हमराहियों के साथ भ्रमण कर शांति ब्यवस्था बनाये रखने व बढ़ती घटनाओं को कम करने का लगातार प्रयास किया जा रहा हैं जिससे क्षेत्र में अमन चैन बना रहे एस ओ कोखराज ने चाकवन चौराहे पर पैदल गस्त करते हुए शराब के ठेकेदारों को भी कड़ी चेतावनी दिया कि कोई भी ब्यक्ति सर्विस रोड पर बैठ कर शराब न पीता मिले नही तो कड़ी कार्यवाही होगी वही लगातार बढ़ती भीड़ को भी गस्त कर नियंत्रित किया है कानून व्यवस्था की समीक्षा की व्यापारियों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के भरोसा दिया है।

## 09 किलो 360 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को पिपरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** अवैध मादक पदार्थो गांजा की तस्करी व बिक्री की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11/12.02.2026 की रात्रि में थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान दुल्हापुर नहर पुलिया के पास से गांजा तस्करी करने वाले एक अभियुक्त राजकुमार उर्फ राजू केशरवानी पुत्र स्व0 राम प्रताप निवासी भगवानपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 09 किलो 360 ग्राम अवैध मादक पदार्थ नाजायज गांजा व 01 मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पिपरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।गिरफ्तार किये गये अभियुक्त से बरामद अवैध गाँजा के बारे में पूछने पर बताया कि यह गाँजा प्रयागराज और मिर्जापुर से खरीद कर लाता हूं तथा इसको कौशाम्बी व चित्रकूट में बेचता हूं,अभी मैं यहां पर एक व्यक्ति को गांजा बेचने के लिये खड़ा था कि आप लोगों नें मुझे पकड़ लिया।

## चारा काटने खेत गई 3 किशोरियां गायब

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने सराय अकिल पुलिस को बताया कि मंगलवार के दिन मेरी पुत्री मेरे पड़ोस के एक व्यक्ति की पुत्री व पड़ोस के ही साढू की लड़की जिसकी लगभग उम्र 17 वर्ष सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मौसियाने में एक व्यक्ति के घर पिछले 02 महीने से रह रही थीं जो चारा काटने के लिये खेत गई थी और तीनो अब तक घर वापस नही आयी है काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका पीड़ित की तहरीर पाकर सराय अकिल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन करने में जुट गई है।

## तहसील सिराथू में लघु मेगा शिविर का आयोजन 13 फरवरी को

**कौशांबी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आम जनता के विधिक सशक्तिकरण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि दिनांक 13 फरवरी 2026 को तहसील सिराथू में लघु मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चां, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए जनकल्याण कारी येजनाएं प्रचलित है। विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों व कर्तव्यों के अन्तर्गत सम्बन्धित योजना का लाभ आम जनमानस को प्रदान किया जाएगा।

# बाल श्रम की उड़ी धज्जियां छोटे-छोटे बच्चे करते हैं मजदूरी

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले में बाल श्रम की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है छोटे-छोटे बच्चे मजदूरी करते देखे जाते हैं लेकिन बाल श्रम विभाग के अधिकारी केवल भाषण बयान बाजी तक सीमित रह गया है जिससे बाल श्रम की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रहे हैं बच्चों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है सूत्र बताते हैं कि बाल श्रम विभाग के अधिकारी भी पंजीकरण कराने के नाम पर व्यावसायिक संगठनों से प्रत्येक वर्ष मोटी रकम वसूली करते हैं विभाग द्वारा कराई जा रही अवैध वसूली की रकम साल में करोड़ों रुपए तक पहुंचती है जिससे बाल श्रम अधिनियम का ढकोसला विभागीय अधिकारी करते देखे हैं कोखराज थाना क्षेत्र के अंधवा गांव स्थिति शिव बाबू नमक 555 मार्का ईट भट्ठा में बच्चों के पढ़ने की उम्र में कंधों पर ईटों का बोझ उठवाया जा रहा है ईट भट्ठा में खुलेआम बाल श्रम अधिनियम की धज्जियां उड़ती दिख रही है लेकिन ईट भट्ठा संचालक पर अभी तक कार्रवाई होती नहीं दिख रही है कोखराज कोतवाली क्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों से मजदूरी करवा करके ईट भट्ठा संचालक द्वारा खुलेआम बाल श्रम अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है ईट भट्ठा में मजदूरी करते हुए छोटे बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जो प्रशासनिक दावों की पोल खोलती दिख रही है बाल श्रम मुक्त जिला बनाने के सरकारी वादे को ईट भट्ठे की आग में स्वाहा करते हुए ईट भट्ठा संचालक दिख रहे हैं चंद पैसों की लालच में नौनिहालों के भविष्य के साथ ईट भट्ठा संचालक खिलवाड़ कर रहे हैं ईट भट्ठा में बच्चों से मजदूरी कराए जाने के मामले में श्रम विभाग और स्थानीय पुलिस का संरक्षण होने की उम्मीद जताई जाती है जिससे अफसरों की निगरानी तंत्र पर भी बड़ा सवाल खड़ा है इन मासूमों को मजदूरी की बेड़ियों से आजाद कराकर स्कूल की दहलीज तक कब पहुंचाया जाएगा सूत्रों का दावा है कि बच्चों से मजदूरी कराने वाले ईट भट्ठा संचालक द्वारा बाल श्रम विभाग को महीने में बड़ा चढ़ावा दिया जाता है जिसके चलते बाल श्रम विभाग के अधिकारी केवल बयान और भाषण बाजी तक बाल श्रम अधिनियम की बात करते हैं जबकि हकीकत में छोटे-छोटे बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है और बाल श्रम विभाग के अधिकारी मजदूरी करने वाले विभिन्न व्यावसायिक संगठनों से प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए धन की वसूली तक सीमित दिखाई पड़ रहे हैं।

## सम्पादकीय

# नाजी जर्मनी की तरफ बढ़ता भारत

**शाहीन** अब्दुल्ला बनाम भारत संघ (2022) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने घृणास्पद बयान यानी हेट स्पीच के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को स्वतः संज्ञान लेकर शिकायत का इंतजार किए बिना अपराधियों के खिलाफ तत्कालीन आईपीसी की धारा 153 ए, 153 बी, 295 ए और 505 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि पुलिस को औपचारिक शिकायत के अभाव में भी नफरत भरे भाषणों के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए और कोई भी निष्क्रियता या हिचकिचाहट कर्तव्य की गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। तो सवाल यह है कि क्या असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा शीर्ष अदालत के इस निर्देश से भी परे हैं।

मुख्यमंत्री पद के लिए ली गई संवैधानिक शपथ की तो धज्जियां वो सांप्रदायिक जहर उगलते हुए लगातार उड़ा ही रहे हैं, अब वो अदालती निर्देश की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। क्या हिमंता बिस्वासरमा गुजरात मॉडल के कारण निश्चिंत हैं, जहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत और हिंसा का जानलेवा माहौल बना, लेकिन सत्ता पर बैठे लोगों का बाल भी बांका नहीं हुआ। बल्कि आगे उन्हें पदोन्नत कर शिखर पर बिठा दिया गया। 2002 में गुजरात के कारण सवाल उठने लगा था कि क्या हम नाजी जर्मनी के दौर में पहुंच रहे हैं, लेकिन तब ये सवाल एक राज्य तक ही सीमित था। अब इसका दायरा बढ़ते हुए राष्ट्रव्यापी हो चुका है। इक्का-दुक्का राज्यों को छोड़कर हर जगह सांप्रदायिक नफरत घुन की तरह व्यवस्था के भीतर पैठ जमा चुकी है। लगभग रोजाना ऐसी खबरें आती हैं, जहां केवल धर्म के नाम पर किसी नागरिक या नागरिकों को प्रताड़ित किया जाता है।

लेकिन अभी असम से जो खबरें आई हैं, वो बेहद चिंताजनक है। भारतीय जनता पार्टी की असम ईकाई ने अपने आधिकारिक 'एक्सइ अकाउंट से 7 फरवरी को एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसे एक दिन बाद ही हटा दिया गया लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर यह उपलब्ध है। वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वासरमा को हथियार से लैस दिखाया गया है और वे मुसलमान दिख रहे लोगों को निशाना बना रहे हैं और उन्हें गोली मार रहे हैं। इस विवादित वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरों और 'पॉइंट ब्लैंक शॉट' और 'कोई दया नहीं' जैसे बयान भी हैं, जो सीधे-सीधे नरसंहार के लिए उकसाने वाले हैं। इस वीडियो पर कांग्रेस, शिवसेना, राजद, एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दल तो सवाल उठा रहे हैं, लेकिन असल में कार्रवाई की ताकत जिनके पास है, उनकी चुप्पी बेहद डरावनी लग रही है। डर लग रहा है कि असम में अभी किए जा रहे इस प्रयोग को अगर बाकी देश पर भी किया गया तो क्या होगा। केंद्र सरकार यानी नरेन्द्र मोदी, अमित शाह जैसे लोगों से कोई उम्मीद नहीं है कि वे इस बारे में या हिमंता बिस्वासरमा के खिलाफ कुछ कहेंगे। क्योंकि यह सब उनकी ही शह पर हो रहा होगा, अन्यथा कोई भाजपाई मुख्यमंत्री इतना दुस्साहस नहीं दिखा सकता। राष्ट्रपति महोदया भी केवल दही-चीनी खिलाने को ही अपना काम मान बैठी हैं।

# लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास: लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा


**-: ललित गर्ग:-**

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मयार्दा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दशार्ती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं।

विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ-साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार-बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि



सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार-बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मयार्दा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मयार्दाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाजे खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं।

अंततः यह समय आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मयार्दा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है। यदि संसद को संवाद का मंच बनाए रखने में हम विफल रहते हैं।

# संविधान की छाती पर पाइंट ब्लैंक फायर!

**राजेन्द्र शर्मा**

**संघ**-भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, खासतौर पर मोदी-शाह जोड़ी की, ऐसे सभी मामलों में चुप्पी वैसे तो एक आम कायदा ही है, फिर भी आने वाले विधानसभाई चुनावों के संदर्भ में यह चुप्पी उनके लिए और भी जरूरी है। यह थोड़े भी राजनीतिक रूप से सजग, तटस्थ प्रेक्षकों से छुपा नहीं हैं कि आम तौर पर आने वाले राज्य विधानसभाई चुनावों में और खासतौर पर असम और प. बंगाल में विधानसभा के चुनावों में, संघ परिवार को अपनी अति-उपयोग से बुरी तरह घिस चुकी, हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक तुरुप का ही सहारा है।



आखिरकार, हिमांत बिश्वशर्मा ने और अकेले विश्व शर्मा ने ही नहीं, उनके नेतृत्व में भाजपा की असम इकाई ने भी, भारतीय संविधान को खुली चुनौती दे ही दी। भाजपा के आधिकारिक हैंडल से प्रसारित एक वीडियो संदेश में, बिश्वशर्मा हाथों में तरह-तरह की बंदूकें/ पिस्तौलें लिए, अमरीकी फिल्मों के कॉउबाय की मुद्राओं में प्रकट ही नहीं हुए, वह अपने हथियारों से गोलियां दागते हुए दिखाई भी दिए। याद रहे कि बंदूकों के साथ अपने गीतों को फिल्माने के लिए ही पंजाब में तथा अन्यत्र कई गायकों को हिंसा को बढ़ावा देने की धाराओं में कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। इस "गन कल्चर" को एक गंभीर खतरे की तरह चित्रित किया जाता रहा है। लेकिन, भाजपायी मुख्यमंत्री हिंसा के जरिए अपनी "मर्दानगी" के प्रदर्शन तक ही नहीं रुके।

इससे आगे बिश्वशर्मा ने, फासीवादी नरसंहार का मॉडल पेश करने के रास्ते पर लंबी छलांग लगायी। बिश्वशर्मा ने सीधे जिंदा लोगों पर निशाना लगाया। और निशाने का चुनाव उनकी "मर्दानगी" के वास्तविक चरित्र का पूरी तरह से खुलासा कर देने वाला था। निशाने पर जो दो लोग नजर आते हैं, वेशभूषा से साफ तौर पर मुसलमान हैं-एक अपेक्षाकृत युवा और एक अधेड़। शर्मा निशाना साधकर गोली दागते नजर आते हैं। और भाजपायी वीडियो खुशी से एलान करता है-पाइंट ब्लैंक! किसी टिप्पणीकार ने ध्यान दिलाया कि पाइंट ब्लैंक के फायर से संघ परिवार का नाता पुराना है। जनवरी 1948 में जब गोडसे की पिस्तौल से निकली तीन गोलियों ने महात्मा गांधी की जान ली थी, वह फायर भी पाइंट ब्लैंक का बताया गया था।

स्वाभाविक रूप से, अल्पसंख्यकों के खिलाफ नरसंहार के इस तरह के खुले आह्वान पर, मुख्यधारा के मीडिया पर संघ-भाजपा के पूर्ण नियंत्रण के बावजूद, काफी हो-हल्ला मचा। अन्य चीजों के अलावा इस पर भी तीखी टिप्पणियां आयीं कि शर्मा के नेतृत्व में असम भाजपा द्वारा उक्त वीडियो विज्ञापन ठीक उस समय जारी किया गया था, जब उन्हीं की पार्टी के प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी 65 फीसद से अधिक मुस्लिम आबादी वाले और घोषित रूप से इस्लामी राज्य, मलेशिया की मेहमान नवाजी का आनंद ले रहे थे, जिसमें रामकथा की कठपुतली प्रस्तुति समेत, हिंदू परंपराओं के अनेक तत्वों से लेकर, तमिल भाषा व संस्कृति के अनेक तत्वों के साथ मलेशियाई जनता के जिंदा रिश्तों के प्रदर्शन भी शामिल थे। परदेश में मोदी मुस्लिम नेताओं को गले लगा रहे थे और भारत में उनकी डबल इंजन सरकार का असम का डिब्बा, मुसलमान की पहचान कर, पाइंट ब्लैंक से फायर कर रहा था!

निंदा के इन स्वरों को अपने अनुमान से ज्यादा तेज होता देखकर, असम भाजपा ने अपने हैंडल से उक्त विज्ञापन वीडियो को डिलीट कर दिया। लेकिन, यह तभी किया गया, जब पहले यह सुनिश्चित कर लिया गया कि लाखों संघ-भाजपा समर्थक, इस वीडियो को देख चुके थे और आगे शेयर करने की शृंखलाएं शुरू कर चुके थे। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि संघ-भाजपा ने खंडन-मंडन के इस तरह के धतकर्म में खूब महारत हासिल कर रखी है। किसी उकसावेपूर्ण सांप्रदायिक और इसलिए संविधान पर चोट करने वाले "संदेश" को हवा में उछाल कर, इसकी थाह लेना कि संविधान की रक्षा करने वाली ताकतों में इस पर कैसी तथा कितनी प्रतिक्रिया होती है और फिर यह सुनिश्चित करने के बाद कि उक्त "संदेश" उसकी कतारों तक फैल जाए, रस्मी तौर पर उस संदेश को "वापस" ले लेना या उसका खंडन कर देना, उनका जाना-पहचाना खेल है। और इस खेल के बाद हर बार, सांप्रदायिक संदेश की नग्नता की सीमा को आगे बढ़ाया जा रहा होता है।

इस खेल में बिश्वशर्मा के नेतृत्व में असम भाजपा, सत्ताधारी पार्टी की अन्य राज्य इकाइयों से भी सवायी दुस्साहसी ही होगी, किसी से कम नहीं। हैरानी की बात नहीं है कि भाजपा की असम इकाई के लिए अपने संदेशों में अल्पसंख्यकों के "नरसंहार" के इशारे करना भी कोई नयी बात नहीं है। अभी कुछ ही महीने पहले, दो अलग-अलग संदर्भों में और दूसरी बार तो संभवतः बिहार के विधानसभाई चुनाव में भाजपा-जदयू गठजोड़ की जीत के बाद, भागलपुर के अस्सी के दशक के भयावह दंगों में एक हड्डियों को जमा देने वाली घटना में, लोगाईं गांव में दर्जनों मुसलमानों की हत्या के बाद, खेतों में लाशें गाढ़कर, उन पर गोभी बो देने के प्रसंग की, संस्तुतिपरक तरीके से याद दिलायी गयी थी। उस नातिपरोक्ष इशारे से, पाइंट ब्लैंक तक की यात्रा, पूरी तरह से अप्रत्याशित तो नहीं ही थी।

हैरानी की बात नहीं है कि इस मामले पर सारे शोर-शराबे के बावजूद, संघ-भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने, जिसमें खुद प्रधानमंत्री मोदी तक शामिल हैं, नरसंहार के उक्त जघन्य संदेश से किसी भी तरह से दूरी बनाना तक जरूरी नहीं समझा है। वास्तव में उन्हें तो इसका नोटिस तक लेने की तकलीफ करना भी गवारा नहीं हुआ है। पूरे संघ-भाजपा प्रतिष्ठद्दान की और जाहिर है कि उसके द्वारा नियंत्रित मुख्यधारा के मीडिया की भी मुद्रा, "मूंदेहु आंख कहूं कछु नाहीं" की ही बनी रही है। उनके लिए तिनके की ओट के तौर पर इतना भर काफी है कि आपत्तिजनक बताया जा रहा वीडियो संदेश तो सार्वजनिक पटल पर है ही नहीं-उसे तो पहले ही हटाया जा चुका है! जिसे हटाया जा चुका है, उस पर विवाद कैसा?

संघ-भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, खासतौर पर मोदी-शाह जोड़ी की, ऐसे सभी मामलों में चुप्पी वैसे तो एक आम कायदा ही है, फिर भी आने वाले विधानसभाई चुनावों के संदर्भ में यह चुप्पी उनके लिए और भी जरूरी है। यह थोड़े भी राजनीतिक रूप से सजग, तटस्थ प्रेक्षकों से छुपा नहीं हैं कि आम तौर पर आने वाले राज्य विधानसभाई चुनावों में और खासतौर पर असम और प. बंगाल में विधानसभा के चुनावों में, संघ परिवार को अपनी अति-उपयोग से बुरी तरह घिस चुकी, हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक तुरुप का ही सहारा है। वास्तव में खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक तुरुप का केंद्रीय आधार के रूप में सहारा लेने की शुरूआत तो, 2024 के आम चुनाव के दूसरे-तीसरे चरण से ही शुरू हो गयी थी, जब खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इसका "खतरा" दिखाना शुरू कर दिया था कि अगर सत्ता उनके विरोधियों के हाथ में आ गयी तो वे हिंदुओं से छीनकर उनकी भेंस, जमीन, मंगलसूत्र, आरक्षण और न जाने क्या-क्या, मुलसमानों को दे देंगे, जिनका तुष्टद्दीकरण ही उनका मुख्य काम है!

उसके बाद से पहले झारखंड में, उसके बाद बिहार में, विधानसभा चुनाव के हरेक चर्क्र में मोदी के प्रत्यक्ष नेतृत्व में, हिंदुओं के लिए "छीन लेंगे, मुसलमानों को बांट देंगे" के खतरे के इस राग का स्वर तेज से तेज ही किया गया है। हैरानी की बात नहीं है कि विधानसभा चुनाव के इस चक्र में, जो उस समय आ रहा है जब मोदी के नेतृत्व में डबल इंजनिया राज के पास, अपनी चौतरफा विफलताओं के सामने, जनता को बहलाने के लिए और कुछ भी नहीं बचा है, "खतरे" के इस जाप को और भी तेज किया जाने वाला है। इसके पर्याप्त संकेत मोदी और शाह ने अब तक तथाकथित "घुसपैठियों के खतरे" के अपने बखानों और उन्हें "चुन-चुनकर निकालने" के ऐलानों से दे भी दिए हैं। प. बंगाल में उत्पीड़नकारी, मनमाने तथा पक्षपाती, मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण या सर की खुली हिमायत और असम में बिश्वशर्मा की करतूतों के उनके खुले अनुमोदन में, इसकी तैयारियां साफ नजर भी आती हैं। यहां से बिश्वशर्मा का पाइंट ब्लैंक ज्यादा दूर भी नहीं है। लगता है कि बिश्वशर्मा, पाइंट ब्लैंक से निशाना लगाएंगे, जिसके सामने शाह और मोदी के "घुसपैठियों के खतरे" के संदेश, उदार न सही, तार्किक तो बनाकर पेश ही किए जा सकते हैं! फिर भी हैरानी की बात है कि इस पर शायद ही किसी को हैरानी होगी कि बहुसंख्यक सांप्रदायिकता के इस खेल को रोकने के लिए, बिखरे हुए जनमत के सिवा, संविधान की रक्षा के लिए जिम्मेदार किसी भी संस्था में शायद ही कोई हरकत नजर आती है। संविधान की शपथ लेकर, सभी लोगों के हितों की रक्षा करने का वचन देने वाला, एक राज्य का मुख्यमंत्री खुले आम आबादी के एक हिस्से के नरसंहार के आह्वान कर रहा है और सर्वोच्च न्यायालय समेत, समूची न्याय प्रणाली इसे अनदेखा कर के अपने 'न्याय करने' की रस्मअदायगी करने में लगी हुई है। वह चुनाव आयोग, जिस पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि चुनाव समेत, भारतीय राजनीति धर्मनिरपेक्ष, जनतंत्र के दायरे में संचालित हो, कब का अपनी इस जिम्मेदारी का परित्याग कर चुका है और अवैध मतदाताओं की खोज में लगा हुआ है ताकि उन्हें चुन-चुनकर निकाला जा सके। उसने न्याय व्यवस्था के काफी हद तक भुलाए जा चुके आदर्श सूत्र को सिर के बल ही खड़ा कर दिया है-चाहे सौ वैध मतदाता कट जाएं, पर एक अवैध मतदाता न रहने पाए! मोदी शाही के बहुमत के आधीन विपक्ष को म्यूट कर के चलती संसद, मोदी सरकार और उसकी गोद में बैठे मुख्यधारा के मीडिया से तो खैर कोई उम्मीद भी कर ही कैसे सकता है?

# मिट्टी से मैट तक का सफर: कबड्डी में चमक रहा करोमी के अनस आलम का सितारा

**अखंड भारत संदेश**




**सुल्तानपुर। जिले** के भदैयां ब्लॉक की करोमी ग्राम पंचायत से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने वाले अनस आलम आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। पूर्व ग्राम प्रधान शबनम बानो और शान आलम उर्फ बब्बन के बेटे अनस आलम ने मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर कबड्डी के मैदान में अपनी अलग पहचान बनाई है। बीएससी के छात्र अनस ने कम उम्र में ही वह मुकाम हासिल कर लिया है, जहां पहुंचना हर खिलाड़ी का सपना होता है। हाल ही में मुंबई के पालघर में आयोजित 38वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में अनस आलम ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से लौटने के बाद गांव पहुंचने पर खेल प्रेमियों और समर्थकों में उत्साह देखने को मिला।इससे पहले भी अनस जिला, मंडल और प्रदेश स्तर की कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और कई पदक अपने नाम कर चुके हैं। अनस की कद-काठी, फुर्ती और दमदार रेड-डिफेंस ने उन्हें कबड्डी के लिए स्वाभाविक खिलाड़ी बनाया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने नियमित अभ्यास को कभी नहीं छोड़ा। पढ़ाई के साथ खेल को संतुलित रखते हुए उन्होंने यह साबित किया कि गांव का खिलाड़ी भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकता है।अनस आलम की सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे करोमी गांव और ब्लॉक को गौरवान्वित किया है। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में यह उभरता सितारा अंतरराष्ट्रीय कबड्डी में भी भारत और उत्तर प्रदेश का परचम लहराएगा।

# जमीनी मामले में पीड़िता ने लगाई जिलाधिकारी से न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**



सुल्तानपुर । जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसहाँ के निवासी सरोजा देवी ने बुधवार को जिलाधिकारी कुमार हर्ष को तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार पूरा मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बसहाँ गांव से जुड़ा है जहां पर सरोजा देवी पत्नी राकेश कुमार ने कि आरोप लगाया है कि विपक्षी सुन्दरलाल सुत राममिलन के द्वारा उपजिलाधिकारी कादीपुर के न्यायालय में धारा 116 उ०प्र०रा०सं०बंटवारा का वाद विचाराधीन है। जिसमें उपजिलाधिकारी कादीपुर ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर दिनांक 09-02-2026 को अग्रिम नियत तिथि तक नवइयत न बदलने का आदेश पारित किया गया है। लेकिन थानाध्यक्ष दोस्तपुर के द्वारा यह कह कर कि हमारे पास फोर्स नहीं है अनुपालन नहीं करा सकते है। जबकि स्थल पर विपक्षी द्वारा बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर लगातार निर्माण कार्य किया जा रहा है। मना करने पर मारने पीटने की धमकी दी जा रही है। न्यायहित में स्थगन आदेश के अनुपालन में निर्माण कार्य रोकवाया जाना नितांत आवश्यक है। मामले को जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान दिए जांच के निर्देश।

# मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान, 9 दुकानदारों पर जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर । जिलाधिकारी** के निर्देश के क्रम में नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गुरुवार को नगर क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की गई। लालचंद सरोज, अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मुख्य मार्गों और पटरी क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया।

अभियान के दौरान मुख्य बाजार क्षेत्र, डायट तिराहा, कोतवाली नगर से जिला अस्पताल के पास, केनरा बैंक के सामने से लेकर दरियापुर तिराहे तक तथा पुरासराय चौराहा, चौक घंटाघर से गल्ला मंडी होते



हुए कोतवाली नगर तक सड़क की दोनों पटरीयों पर दुकानों का सामान फैलाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान 9 दुकानदारों एवं पटरी विक्रेताओं पर कुल 7,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही भारी मात्रा में सामान जब्त करते हुए सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया।अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज ने बताया कि नगर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा निर्धारित वेंडिंग जोन में ही पटरी विक्रेताओं को व्यापार करने की अनुमति है। जिन विक्रेताओं ने निर्धारित स्थान पर दुकान नहीं लगाई है, उन्हें नोटिस जारी कर आवंटन निरस्त किया जाएगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी वित्तीय वर्ष में वेंडिंग जोन में अस्थायी आवंटन नवीनीकरण से पूर्व दुकानदारों के आधार कार्ड एवं विक्रय प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा।

# अपर आयुक्त ने किया मऊ तहसील, ब्लाक एवं नगर पंचायत का निरीक्षण

**चित्रकूट।** मण्डल स्तर पर शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा एवं जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत मंगलवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह ने गुरुवार को मऊ तहसील, विकासखण्ड एवं नगर पंचायत का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रशासन ने अभिलेखाकार सहित पूरी तहसील का मुआयना किया। मऊ ब्लॉक मऊ का निरीक्षण कर उन्होंने हटवा की गौशाला व मुख्यमंत्री आवासीय योजना के तहत निर्मित आवास का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर आयुक्त ने नगर पंचायत में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन, उपजिलाधिकार (न्यायिक) पूजा गुप्ता, तहसीलदार राम सुधार, नायब तहसीलदार पारुल सिंह, बीडीओ ओम प्रकाश, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भरत सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी चित्रकूट के राजा मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की बारात

**चित्रकूट।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चित्रकूट के राजा मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की भव्य बारात परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जबलपुर से आए बैंड और शहनाई दल के साथ प्रयागराज की आकर्षक झांकियां इस बारात की शोभा बढ़ाएंगी। दूल्हा सरकार सुसज्जित रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

रामघाट स्थित राजाधिराज मत्तगजेन्द्र नाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। दोपहर से विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन होगा तथा शाम चार बजे रामघाट से मत्तगजेन्द्र नाथ सरकार की बारात नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी। बताया कि बारात में अखाड़ों के निशान, संत-महंत, प्रयागराज की झांकियां, जबलपुर का बैंड, हाथी-घोड़े तथा रथ पर विराजमान दूल्हा सरकार मुख्य आकर्षण रहेंगे। शोभायात्रा रामघाट से जयपुरिया तिराहा होते हुए पुराना सीतापुर बस स्टॉप, चैगलिया मार्ग से पुनः रामघाट पहुंचेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से भोलेनाथ के बाराती बनकर आयोजन में सहभागी होने का आह्वान किया है।

मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन बिहारी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की महाआरती संपन्न होगी। पहली महाआरती रात्रि 8:30 बजे, दूसरी रात्रि 11:30 बजे, तीसरी प्रातः 2:00 बजे और प्रातः 4:00 बजे मंगला आरती होगी। जबलपुर की शहनाई पूरी रात मंदिर परिसर में गूंजती रहेगी। साथ ही भजन-कीर्तन, अनुष्ठान और रतजगा का क्रम पूरी रात चलता रहेगा। मंदिर प्रशासन द्वारा आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। राजाधिराज मत्तगजेन्द्रनाथ सरकार की बारात का जयपुरिया तिराहे पर बुंदेली सेना द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले लगभग एक दशक से उनकी टीम परंपरागत रूप से यहां बारात का स्वागत करती आ रही है। गुरुवार को आयोजित बैठक में स्वागत की तैयारियों पर चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में बारात पर पुष्पवर्षा करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही बारातियों को मालाएं पहनाई जाएंगी, सुगंधित इत्र का छिड़काव किया जाएगा तथा 51 किलो पंचमेवा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में अंकित पहारिया, जानकी शरण गुप्ता, कर्वी माफी प्रधान प्रतिनिधि बद्री सिंह पटेल, अतुल सिंह, वीपी पटेल, कमल सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## डॉ. देशराज पांडेय की पुण्यतिथि पर हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

**चित्रकूट।** भारतीय साहित्यिक संस्थान के संस्थापक प्रख्यात साहित्यकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय डॉ. देशराज पांडेय की पुण्यतिथि पर जिला मुख्यालय स्थित डॉ बाबा कान्वेंट स्कूल में श्रद्धांजलि सभा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामपाल त्रिपाठी ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय डॉ देशराज पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सभासद शंकर प्रसाद यादव ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुए उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में विभिन्न जनपदों से आए कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से स्व डॉ पांडेय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम साहित्यिक वातावरण भावनाओं से सराबोर रहा। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर साहित्यिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति स्व. डॉ देशराज पांडेय के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रजनीश विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर संयोजक डॉ. मनोज द्विवेदी, बांदा के कवि चतुर्भुज मिश्रा, वानप्रस्थ आयुष्मान विश्वविद्यालय के निदेशक बलवीर सिंह, भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामपाल त्रिपाठी, प्रख्यात शायर एवं गजलकार अख्तर फराज, शिवशंकर विश्वकर्मा, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के डॉ. हरिमोहन राय, वृंदावन के रूपनिधि दास महाराज, उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# गोल तालाब का 17वां श्रमदान यज्ञ सफल प्रशासन ने कायाकल्प का दिया आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोल तालाब जल सत्याग्रह के तहत 17वें श्रमदान यज्ञ में जल प्रहरियों ने श्रमदान किया। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल यादव ने भी मौके पर पहुंचकर जल प्रहरियों से वार्ता की तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना।

इस दौरान विरासत संरक्षण फोरम के जल प्रहरी हीरा सिंह, राम मनोहर वर्मा, लवकुश सिंह, क्षेत्र के निवासी भूरा, अर्जुन, देवीदयाल, छोटे लाल, देवनाथ, ज्ञानमती, चंदा देवी, माया देवी आदि श्रमदान के लिए पहुंचे। श्रमदान के दौरान तालाब का दूषित पानी से फैलने वाली बीमारियों सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। श्रमदान के दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल यादव ने मौके पर पहुंकर जल प्रहरियों से वार्ता की व स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस पर स्थानीय निवासी भूरा ने बताया कि सरकारी नालियों और आसपास की बस्तियों का सीवर का गंदा पानी तालाब में आने से भूजल दूषित हो गया है, जिससे हैंडपंप का पानी बदबूदार हो गया है। चंदा देवी ने दूषित पानी के कारण पेट संबंधी बीमारियों की समस्या बताई। छोटे लाल ने बताया कि तालाब में बच्चे और पशु डूबने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। महिलाओं और बच्चों ने पेयजल की समस्या को सबसे गंभीर बताया। एडीएम ने जल को पवित्र बनाने के इस सत्याग्रह को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि सरकार तालाब के कायाकल्प के लिए तैयार है और जिलाधिकारी द्वारा भी इसे सुंदर बनाने का निर्णय लिया गया है। एडीएम ने श्रमदान करने वाले विद्यार्थियों, महिलाओं एवं मजदूरों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया। जल प्रहरी अभिमन्यु ने कहा




कि जल सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक जल धरोहरों के साथ हो रही उपेक्षा और प्रदूषण बंद नहीं हो जाता। जल सत्याग्रह अभियान के संयोजक सीएल वर्मा ने कहा कि जल धरोहरों में गिर रहे गंदे नालों व सीवर को रोककर ही उन्हें बचाया जा सकता है।

# जीआरपी टीम की सूझबूझ से टला हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस की सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर नीचे जा रहे दो यात्रियों को मौके पर मौजूद जीआरपी जवान ने साहस और तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशांबी जिले के रायपुर गांव निवासी सुनंदन पटेल अपने भांजे मोहित पटेल के साथ पानीपत जाने के लिए संपर्क क्रांति ट्रेन से यात्रा करने के लिए चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन आया हुआ था। यहां चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान सुनंदन का पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे गिरने लगा, जिसे बचाने के लिए आया उसका भांजा मोहित भी ट्रेन के नीचे गिर गया। इस दौरान मौके पर मौजूद जीआरपी पुलिस के सिपाही




ने अपनी सूझबूझ से दोनों यात्रियों को ट्रेन के नीचे से निकालकर उनकी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दोनों यात्रियों ने जीआरपी सिपाही को धन्यवाद दिया। यह घटना स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जीआरपी थाना प्रभारी शालिनी भदौरिया ने बताया कि प्लेटफार्म में हुई इस घटना को देखकर मुख्य आरक्षी विक्रम सिंह और आरक्षी हरिकेश मौर्या के साथ रेल यात्रियों को बचाकर गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए जीआरपी एसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने टीम को प्रशस्ति पत्र दिया है।

## संतोष कुमार ने लिया लोक अदालत के अध्यक्ष पद का कार्यभार

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने बताया कि जनपद में संचालित स्थायी लोक अदालत में अध्यक्ष पद सन्तोष कुमार तृतीय द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। इससे जनपद में स्थायी लोक अदालत से सम्बन्धित वादकारियों को वाद दायर करने में सुविधा होगी तथा त्वरित न्याय प्राप्त होगा। स्थायी लोक अदालत के अन्तर्गत जनोपयोगी सेवाओं से सम्बन्धित वाद स्थायी लोक अदालत में दाखिल कर त्वरित न्याय प्राप्त किया जा सकता है।

## सड़क दुर्घटना से बचाव के प्रति किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार आगामी 22 फरवरी को होने वाले मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी ने सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए जागरूकता के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक यातायात व मोटरसाइकिल एजेन्सियों के संचालकों के साथ बैठक की।

बैठक में प्राधिकरण सचिव ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को सीतापुर स्थित राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सडक दुर्घटना से बचाव के लिए विभिन्न जानकारियां प्रदान की जायेगीं तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के फायदे तथा सडक दुर्घटना से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान की जायेगीं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक यातायात हरीराम यादव, बाइक एजेंसी संचालक विवेक द्विवेदी, चन्द्र नारायण पाण्डेय, राजा प्रसाद, ओम प्रकाश, राघवराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गोस्वामी तुलसी दास डिग्री कॉलिज बेडीपुलिया में रोजगार मेले का शिविर लगाया गया। जिसमें विद्यार्थियों को उनके अधिकारों से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा कानूनों की जानकारी दी गयी।

## बाल खिलाड़ियों की बस को बीएसए ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी बीके शर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला, वित्त एवं लेखाधिकारी वेद प्रकाश सिंह चित्रकूट द्वारा महोबा स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित हो रही मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे प्रतिभागियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 13 व 14 फरवरी को होनी है।

इस प्रतियोगिता मे चित्रकूट, पहाड़ी, मानिकपुर, मऊ, कर्वी के बालक-बालिकाऐ सम्मलित है। जो विभिन्न प्रकार के खेलकूद कार्यक्रम दौड़ 50मी., 100मी., 200मी., 400मी., 600मी., लम्बीकूद, ऊँचीकूद, गोलाफेंक, डिस्कस थ्रो, खो-खो, वालीबॉल, कबड्डी, योगा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम समूहगान,



अंत्याक्षरी, एकांकी आयोजित होगे। जिला व्यायाम शिक्षक चित्रकूट दयानन्द सिंह ने बताया कि मण्डलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता मे जनपद चित्रकूट के लगभग 160 छात्र-छात्राओ एवं 30 शिक्षकध्शिक्षिकाऐ स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा के लिए जा रहे है। जहां दो दिवसीय 13 व 14 फरवरी 2026 को प्रतियोगिताओ का आयोजन होना है। जो छात्र-छात्राऐ मण्डलीय रैली मे अपनी प्रतियोगिता मे विजेता बनेगें उन्हे राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे खेलने का अवसर मिलता है। इस रैली मे ब्लॉक व्यायाम शिक्षक चित्रकूट महेंद्र सिंह, पहाड़ी रामनारायण साहू, मानिकपुर खेमराज सिंह, मऊ रामयश, व्यायाम शिक्षक श्यामसुंदर यादव, जितेंद्र सिंह, छेदीलाल, सुरेंद्र सिंह, राजेश्वरी, राममनी, रामसूरत सहित व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे।

# संतुलित आहार से दुग्ध उत्पादन में होती है बढ़ोत्तरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा एवं गोवंश विकास अनुसंधान केन्द्र दीनदयाल शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नस्ल उन्नयन, उन्नत नस्ल पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण से सम्बन्धित विषय पर विस्तार से किसानों को जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा के पशु वैज्ञानिक डॉ दीपेश भारत मिश्र ने बताया कि नस्ल उन्नयन के अंतर्गत संकरण व कृत्रिम गभार्धान एवं संतुलित आहार (चारा और दाना) प्रदान करना दुग्ध उत्पादन को अधिकतम करने के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्नत पशु प्रबंधन में स्वच्छ आवास, नियमित टीकाकरण और नए पशुओं को तीन सप्ताह तक क्वारंटाइन (अलग) रखना अनिवार्य है। कहा कि डेयरी के लिए उन्नत नस्ल वाली साहिवाल, रेड सिंधी, मुर्रा भैंस का उपयोग करें, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल हैं। बताया कि सही प्रजनन प्रबंधन से गर्भधारण की दर बढ़ती है। इसके साथ ही




पशुशाला हवादार, सूखी और स्वच्छ होनी चाहिए। पशु चिकित्सक डॉ अभिषेक करवरिया ने कहा कि स्वच्छता की दृष्टि से कीटाणुनाशक फिनेल का उपयोग करना लाभदायक है। साथ ही पशुओं को संक्रमण से बचाने के लिए नए खरीदे गए पशुओं को तीन सप्ताह तक पुराने समूह से अलग रखना चाहिए। इसके अलावा खुरपका-मुँहपका जैसे रोगों के लिए टीकाकरण जरूरी है। बताया कि प्रशिक्षण के लिए मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से 60 किसानों का दल चित्रकूट आया है। इस मौके पर बांबे के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप वर्मा, यूनिट हेड कपिल अग्रवाल, एचआर हेड अवनीश गौतम, सीएसआर हेड मनीष शर्मा, बृजेश चतुर्वेदी, बृजभान, सत्येंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# ब्रिटेन में इतिहास लिखने के करीब शबाना महमूद, बन सकती हैं देश की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री

**ब्रिटेन**

**यूनाइटेड** किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर अपने राजनीतिक करियर के सबसे उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में वेस्टमिंस्टर में लेबर पार्टी के नेतृत्व में संभावित बदलाव को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं। चर्चा के केंद्र में गृह सचिव शबाना महमूद हैं, जिन्हें पार्टी की बागडोर संभालने के लिए सबसे आगे माना जा रहा है। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह यूनाइटेड किंगडम की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री होंगी। स्टारमर की बढ़ती मुश्किलें किसी व्यक्तिगत दुराचार का नतीजा नहीं हैं, बल्कि एक गलत समय पर लिए गए राजनीतिक फैसले का परिणाम हैं। एपस्टीन फाइलों के दोबारा सार्वजनिक सुर्खियों में आने के ठीक बाद पीटर मैंडेलसन को लेबर पार्टी के आंतरिक नेतृत्व में वापस लाया गया, जिससे जांच और आंतरिक अशांति बढ़ गई। विरोध के कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं, ऐसे में इस बात पर अटकलें शुरू हो गई हैं कि अगर स्टारमर की स्थिति और कमजोर होती है तो उनका संभावित उत्तराधिकारी कौन हो सकता है। जिन नामों पर चर्चा जोर पकड़ रही है उनमें गृह सचिव शबाना महमूद का नाम भी शामिल है।



शबाना महमूद कौन हैं?

2010 से बर्मिंघम लेडीवुड की सांसद महमूद को लेबर पार्टी की सबसे सक्षम और राजनीतिक रूप से कुशल हस्तियों में से एक माना जाता है। एक प्रशिक्षित बैरिस्टर, उन्होंने उसी वर्ष लेबर पार्टी की पहली मुस्लिम महिला सांसदों में से एक के रूप में संसद में प्रवेश किया और पार्टी में तेजी से आगे बढ़ते हुए अपने संसदीय करियर के शुरूआती दौर में ही शैडो कैबिनेट में जगह बना ली। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने शैडो न्याय सचिव और शैडो शिक्षा सचिव सहित कई वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है और पार्टी के भीतर एक स्थिर और अनुशासित आवाज के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

पिछले वर्ष लेबर पार्टी की सत्ता में वापसी के बाद 2025 में गृह सचिव नियुक्त हुईं महमूद ने सरकार के सबसे चुनौतीपूर्ण दायित्वों में से एक को संभाला है, जिसमें पुलिस व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा, आव्रजन और सार्वजनिक व्यवस्था की देखरेख शामिल है। बर्मिंघम में पाकिस्तानी अप्रवासी माता-पिता के घर जन्मीं महमूद अक्सर अपनी ब्रिटिश मुस्लिम पहचान, श्रमिक वर्ग में अपने पालन-पोषण और अपने राजनीतिक सफर को आकार देने में शिक्षा की केंद्रीय भूमिका के बारे में बात करती रही हैं। हालांकि, हाल के वर्षों में उन्होंने आव्रजन पर कहीं अधिक कठोर रुख अपनाया है। पिछले ही सप्ताह, उन्होंने स्थायी निपटान अधिकारों में बदलाव के विरोध के बीच लेबर सरकार के प्रस्तावों को "उचित" बताते हुए उनका बचाव किया।

# बांग्लादेश चुनाव नतीजों में तारिक रहमान की BNP की हाफ सेंचुरी, कट्टरपंथी जमात के खाते में 18 सीटें

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव के लिए निर्धारित समय शाम 4:30 बजे वोटिंग खत्म हो गई और अब वोटों की गिनती जारी है. यही नहीं, चुनावी नतीजे भी आज रात 8 बजे से आने शुरू हो जाएंगे. देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर करीब 47.91% मतदान हुआ. हालांकि, वोटिंग के दौरान कुछ जगह झड़पें भी हुईं. तारिक रहमान की इठढ के एक नेता की मौत हो गई, जबकि कई कार्यकर्ता घायल हुए. बांग्लादेश में पहली बार संसदीय चुनाव के साथ जनमत संग्रह भी कराया गया और पहली बार डाक पत्र से मतदान की व्यवस्था की गई. बांग्लादेश में मुख्य मुकाबला इठढ के तारिक रहमान और जमात के शफीकुर्रहमान के बीच है.



चुनावी नतीजे जल्द घोषित करने की मांग

BNP अध्यक्ष तारिक रहमान ने चुनाव के नतीजे जल्दी घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि लोगों को अपने डाले गए वोट का रिजल्ट जल्द पता चलना चाहिए. तारिक रहमान ने कहा कि चुनाव आयोग को ऐसे कदम उठाने चाहिए, जिससे मतदाताओं को जल्दी पता चल सके कि उन्होंने जिसको वोट दिया उसका क्या नतीजा रहा. उनका कहना है कि अगर नतीजे घोषित करने में देरी हुई तो लोगों में भ्रम फैल सकता है. अगर वोटिंग निष्पक्ष हुई तो नतीजे मान्य होंगे. लेकिन अगर वोट के दौरान गड़बड़ी या किसी तरह की छेड़छाड़ हुई तो ऐसे नतीजे स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

अमेरिकी चुनाव पर्यवेक्षक ने बांग्लादेशी चुनाव की तारीफ की

इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट के चुनाव पर्यवेक्षक और पूर्व अमेरिकी सांसद डेविड ड्रेयर ने इलेक्शन फ्री, फेयर और उत्सव जैसा बताया है. डेविड ड्रेयर इस समय कक्क के चुनाव पर्यवेक्षण मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं. उन्होंने गुरुवार को ढाका के गुलशन इलाके में स्थित मनारात इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के मतदान केंद्रों का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया. मतदान केंद्रों के दौरे के बाद डेविड ड्रेयर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वोटिंग के दौरान व्यवस्थित और शांतिपूर्ण माहौल था. उन्होंने कहा, 'मतदान केंद्रों पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और काफी उत्साह दिखा.'

ड्रेयर ने इसे बांग्लादेश के इतिहास में एक खास दिन करार दिया है. उन्होंने कहा, 'आज इस खूबसूरत देश के इतिहास में बहुत ही खास दिन है. यह बांग्लादेश की मेरी पहली यात्रा है और मैं यहां लोगों में उत्साह, खुशी और उत्सव जैसा माहौल देख रहा हूं.' उन्होंने आगे कहा कि मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित दिखी, जिसमें कोई बड़ी गड़बड़ी नजर नहीं आई.

चुनाव के दौरान कई इलाकों में झड़प

बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के श्यामनखोला में झड़प हुई, जिसमें जमात-ए-इस्लामी के 6 कार्यकर्ता घायल हो गए. इन्हें श्यामनखोला उपजिला स्वास्थ्य परिसर में भर्ती कराया गया. बागेरहाट-4 सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार प्रिंसिपल अब्दुल अलीम ने घटना की पुष्टि की. उन्होंने कहा कि सुबह चुनावी माहौल में तनाव के बीच उनके कार्यकताओं पर हमला किया गया. वहीं, इठढ नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई है. हालांकि, इठढ के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दावा किया ।

# भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों में नया अध्याय! ट्रंप सरकार ने 'ऐतिहासिक' समझौते की शर्तों का किया खुलासा

**अमेरिका**

**व्हाइट** हाउस ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाले 'द्विपक्षीय व्यापार समझौते' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए "ऐतिहासिक अंतरिम समझौते" के लिए एक आधिकारिक 'फैक्ट शीट' जारी की है। इस दस्तावेज के अनुसार, आने वाले हफ्तों में दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी ढांचे को अंतिम रूप देंगे, जिससे अमेरिकी उत्पादों के लिए 1.4 अरब की आबादी वाले भारतीय बाजार के द्वार खुलेंगे।



इस 'फैक्ट शीट' में उल्लेख किया गया है कि भारत ने अपनी व्यापारिक बाधाओं को कम करने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कई बड़े कदम उठाने का वादा किया है:

भारी निवेश और खरीदः भारत ने ऊर्जा, कोयला, कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।

शुल्क में कटौतीः भारत अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों (जैसे रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे फल, दालें, सोयाबीन तेल और वाइन) पर लगने वाले उच्च शुल्क को या तो समाप्त करेगा या काफी कम करेगा। रूसी तेल और शुल्क छूटः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "रूसी तेल की खरीद रोकने" की प्रतिबद्धता के बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के आयात पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क को हटाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।

पारस्परिक टैरिफः द्विपक्षीय व्यापार में असंतुलन को कम करने के लिए, अमेरिका भारत पर जवाबी शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं का 'अस्तित्व खतरे में'



**बांग्लादेश**

**मानवाधिकार** समूहों, धार्मिक संगठनों और नागरिक समाज के नेताओं के एक गठबंधन ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा को लेकर एक तत्काल अंतरराष्ट्रीय अपील जारी की है। यह चेतावनी देश में 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से कुछ ही दिन पहले आई है। हिंदू एडवांसिंग ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव के नेतृत्व में जारी इस अपील में दावा किया गया है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली मौजूदा अंतरिम सरकार के तहत हिंदू समुदाय के सदस्यों को व्यवस्थित उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

अपील पर हस्ताक्षर करने वालों ने स्थिति को जातीय और धार्मिक सफाए के रूप में वर्णित किया है, जिससे इस अल्पसंख्यक समूह के अस्तित्व को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। 15 देशों के 125 से अधिक संगठनों और व्यक्तियों ने इस पत्र का समर्थन किया है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, भारत और अन्य वैश्विक शक्तियों से बांग्लादेश में हिंदू आबादी की रक्षा के लिए तत्काल और निर्णायक उपाय करने का आह्वान किया गया है।

HAHRI और उसके सहयोगियों ने चेतावनी दी कि कार्रवाई न करने से बांग्लादेश में हिंदुओं का और अधिक हाशिए पर जाना या उनका अस्तित्व ही लुप्त हो जाना संभव हो सकता है। पत्र में दीपू चंद्र दास का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है, जिनकी ईशनिंदा के आरोपों के बाद सरेआम पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं, जिनमें देश की राष्ट्रीय संसद, जातीय संसद के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा


# "सस्ता तेल खरीदने से रोक रहा है अमेरिका"- विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

**अमेरिका**

**अमेरिका** से भारत की ट्रेड डील के बाद रूस सरकार की ओर से किसी बड़े मंत्री की यह पहली आधिकारिक टिप्पणी मानी जा रही है, जिसमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने खुलकर कहा है कि वाशिंगटन भारत सहित कई देशों को सस्ते रूसी तेल की खरीद से रोकने की कोशिश कर रहा है। एक टीवी साक्षात्कार में लावरोव ने आरोप लगाया कि अमेरिका प्रतिबंध, टैरिफ और तरह तरह के रोक लगाने वाले कदमों के जरिये देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूसी ऊर्जा से दूर हो जाएं और महंगी अमेरिकी आपूर्ति लें।

लावरोव ने कहा कि यह केवल व्यापारिक प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि दबाव की राजनीति है जिसका लक्ष्य वैश्विक आर्थिक दबदबा बनाना है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन मसले पर बातचीत के दौरान रूस ने अमेरिकी प्रस्ताव को महत्व दिया था और आगे व्यापक सहयोग की उम्मीद रखी थी, लेकिन हालात उलट दिशा में जाते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और खुले समुद्र में टैंकरों के खिलाफ ऐसी कार्रवाइयां हो रही हैं जो समुद्री कानून की भावना के खिलाफ हैं।

रूसी मंत्री ने कहा कि यूरोप को पहले ही रूसी ऊर्जा से दूर किया जा चुका है और अब भारत तथा अन्य भागीदार देशों को भी सस्ती आपूर्ति से काटने का प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका चाहता है कि देश महंगी अमेरिकी एलएनजी और अन्य ऊर्जा स्रोत खरीदें, भले ही वह उनके आर्थिक हित के खिलाफ हो। लावरोव ने



यह भी कहा कि रूस भारत, चीन, इंडोनेशिया और ब्राजील जैसे देशों की तरह सभी के साथ सहयोग के लिए खुला है, जिनमें अमेरिका भी शामिल है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन खुद अमेरिकी नीतियां रास्ते में कृत्रिम रुकावटें खड़ी कर रही हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि रूसी तेल पर भारत ने अपनी स्थिति दोहराते हुए कहा है कि उसकी ऊर्जा नीति केवल राष्ट्रीय हित से संचालित होगी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि भारत की प्राथमिकता पर्याप्त उपलब्धता, उचित कीमत और भरोसेमंद आपूर्ति है। भारत ने यह साफ किया कि वह बाजार की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को देखकर स्रोतों का विविधीकरण करेगा।

दरअसल, अमेरिका की ओर से भारत पर लगाये गये अतिरिक्त टैरिफ हटाने के फैसले के बाद यह अटकलें तेज हुईं कि क्या भारत रूसी कच्चे तेल की खरीद घटाएगा? हालांकि नई दिल्ली ने न तो खरीद रोकने की पुष्टि की है ।

# पीसीबी चीफ ने क्यों लिया सेना प्रमुख आसिम मुनीर का नाम?

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार के अपने फैसले से पीछे हटते हुए, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर का नाम लेकर एक और विवाद खड़ा कर दिया। कई लोगों का मानना ??है कि नकवी के शब्दों का मकसद क्रिकेट भावना को सैन्य संकेत में बदलना है। पाकिस्तान के गृह मंत्री भी रहे नकवी ने सैन्य नेतृत्व को इस बातचीत में घसीटा, जिसे विश्लेषक क्रिकेट विवाद को नागरिक-सैन्य टकराव का मुद्दा बनाने की कोशिश मानते हैं।




15 फरवरी को गतिरोध के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए नकवी ने कहा कि पाकिस्तान दृढ़ संकल्पित है और दबाव से नहीं डरता। नकवी ने कहा कि न तो मैं भारत और आईसीसी की धमकियों से डरता हूँ, न ही पाकिस्तान सरकार डरती है, और जहाँ तक फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर की बात है, आप उनके बारे में पहले से ही जानते हैं, वे कभी नहीं डरते। फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पाकिस्तान के हालिया इतिहास में एक प्रमुख सैन्य हस्ती हैं।

मई 2025 में, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ तीव्र सीमा संघर्ष के बाद, इस्लामाबाद मंत्रिमंडल ने जनरल मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया, जो देश का सर्वोच्च सैन्य पद है। अयूब खान के बाद इतिहास में यह पद पाने वाले वे दूसरे व्यक्ति थे। यह पदोन्नति संघर्ष के पाकिस्तान के अपने आकलन के बाद हुई, जिसे इस्लामाबाद ने अपनी रक्षा क्षमता की परीक्षा बताया। 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व को पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से उजागर किया गया और घरेलू स्तर पर इसे शक्ति के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया गया।

दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान अब अपने इस फैसले के लिए श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश के अनुरोध को जिम्मेदार ठहरा रहा है। पाकिस्तान, जिसे अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने हैं, अगर मैच से हट जाता तो उसे दो अंक गंवाने पड़ते और साथ ही टूनामेंट को भी गंभीर झटका लगता, क्योंकि भारत-पाकिस्तान का मुकाबला क्रिकेट का सबसे बड़ा ब्लॉकबस्टर मैच माना जाता है।

# कैलिफोर्निया डिनर पार्टी की तस्वीर में मार्क और जेफरी, नए खुलासे

**कैलिफोर्निया**

**जेफरी** एप्सटीन फाइल्स में एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है, जिसने अमेरिकी टेक जगत में हलचल मचा दी है। इस तस्वीर में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और टेस्ला और स्पेसएक्स प्रमुख एलोन मस्क कैलिफोर्निया में आयोजित एक भव्य डिनर पार्टी में एप्सटीन के साथ बैठे नजर आते हैं।

बता दें कि यह डिनर पार्टी 2015 की बताई जा रही है, यानी एप्सटीन को 2008 में नाबालिगों की तस्करी के मामले में दोषी ठहराए जाने के कई साल बाद। तस्वीर में जुकरबर्ग और मस्क एक लंबी डाइनिंग टेबल के आमने-सामने बैठे दिखते हैं। मस्क कैमरे की ओर देखते हुए नजर आते हैं, जबकि जुकरबर्ग गंभीर मुद्रा में सीधे सामने देखते दिखाई देते हैं।



मौजूद जानकारी के अनुसार, यह तस्वीर खुद एप्सटीन ने 3 अगस्त 2015 को अपने ईमेल में सेव की थी।

गौरतलब है कि एप्सटीन ने बाद में इसी पार्टी का जिक्र अलग-अलग ईमेल्स में किया और इसे ह्लवाइल्डह्व बताया। इन मेल्स में लिंक्डइन के सह-संस्थापक रीड हॉफमैन और पेपैल के सह-संस्थापक पीटर थिएल की मौजूदगी का भी उल्लेख मिलता है। इससे पहले 2 अगस्त 2015 को एप्सटीन ने उइर न्यूज से जुड़े लॉन्गेविटी इंफ्लुएंसर पीटर अटिया को मेल कर लिखा था कि वह लॉस एंजेलिस में मस्क, थिएल और जुकरबर्ग के साथ डिनर करने वाले हैं।

यह खुलासा ऐसे समय पर सामने आया है, जब एलोन मस्क कुछ हफ्ते पहले ही सार्वजनिक रूप से कह चुके थे कि वह कभी एप्सटीन की किसी पार्टी में शामिल नहीं हुए। मस्क ने जनवरी के अंत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि असली न्याय फाइल्स जारी करने से नहीं, बल्कि एप्सटीन के साथ अपराध करने वालों पर कार्रवाई से तय होगा।

हालांकि, ताजा दस्तावेज यह जरूर दिखाते हैं कि एप्सटीन सजा के बाद भी प्रभावशाली लोगों के संपर्क में बना रहा। लेकिन यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन तस्वीरों और मेल्स से इन हस्तियों की एप्सटीन के यौन अपराधों में संलिप्तता का कोई सीधा सबूत नहीं मिलता हैं।

बताया जा रहा है कि इस डिनर पार्टी की मेजबानी रीड हॉफमैन ने कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में की थी और यह आयोजन एमआईटी के न्यूरोसाइंटिस्ट एड बॉयडेन के सम्मान में हुआ था। वैनिटी फेयर ने इस पार्टी की जानकारी सबसे पहले 2019 में प्रकाशित की थी।

हॉफमैन ने भी एप्सटीन से अपने संबंधों को लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि एप्सटीन से उनकी जान-पहचान सिर्फ एमआईटी के लिए फंडरेज़िंग तक सीमित थी, जिस पर अब उन्हें अफसोस है। हॉफमैन के अनुसार, ये मुलाकातें एमआईटी मीडिया लैब के तत्कालीन निदेशक जोइ इतो के माध्यम से तय हुई थीं।

इधर, एप्सटीन फाइल्स में नाम आने के बाद मस्क और हॉफमैन के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बहस भी देखने को मिली। एक 2013 के ईमेल में एप्सटीन ने मस्क को स्पेसएक्स का दौरा कराने के लिए धन्यवाद कहा था, हालांकि मस्क ने पहले इस मुलाकात से इनकार किया था। इसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच सार्वजनिक बयानबाजी तेज हुई है।

कुल मिलाकर, एप्सटीन से जुड़े नए दस्तावेज यह दिखाते हैं कि उसकी पहुंच कितनी व्यापक थी, लेकिन जांच एजेंसियों और रिपोर्ट्स के अनुसार, इन संपर्कों को अपराध से जोड़ना फिलहाल संभव नहीं हैं।